53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.0°C अधिकतम 32.4°C

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:20, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 172 | सोमवार, 23 जून 2025 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

रिश्ता चाहे कोई भी हो,
मन से होना चाहिए,
मतलब से नहीं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भाजपा शासन काल में थानों तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर : शिवपाल यादव



भ्रष्टाचारियों का कुछ तो लिहाज करना चाहिए.. किसी को तो छोड़ देना चाहिए........

# मासूम की जिंदगी पर भारी पड़ी बारिश, नाले में बह गया हंसता-खेलता मासूम

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर में दिन निकलते ही बारिश का कहर ऐसा बरपा कि एक मासूम की जिंदगी पर भी भारी पड़ गया। दरअसल शेरनगर के रहने वाले राहुल पुत्र सुरेन्द्र के दो बच्चे किट्टू व अवि झमाझम बारिश होने के कारण बारिश में नहा रहे थे। राहुल घोड़े तांगे पर मिट्टी के बर्तन बेचने का काम करता है। बारिश में नहाते-नहाते तीन वर्षीय मासूम अवि का अचानक पैर फिसल गया और वह नाले में बह गया। इस बात की सूचना जैसे ही परिजनों के साथ साथ आसपास के लोगों को लगी, तो परिजनों व क्षेत्रवासियों में हा-हाकार मच गया। बदहवास हालत में परिजन अपने मासूम बच्चे अवि को ढूंढने के लिए नाले में उतर गए। कई स्थानों पर नाला जहां से छपा हुआ था, वहां मौजूद भीड़ ने उसे भी तोड़ ताला, मगर सुबह से लेकर शाम तक मासूम का कोई सुराग नहीं लग सका। देर शाम तक क्षेत्र के लोग उक्त बच्चे की तलाश में लगे रहे मगर समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार का कोई सुराग मासूम का नहीं लगा था। सूचना पर नई मण्डी पुलिस और दमकल विभाग की टीम पहुंची, टीम द्वारा किय गए प्रयासों के बाद भी अवि का कोई अता-पता नहीं लग सका। अवि के न मिलने से पिता राहुल और मां का बुरा हाल था और लोग टकटकी लगाकर यही देख रहे थे कि कब और किसी तरह से अवि सकुशल मिल जाए और मां-बाप की अटकी हुई सांसों में सांस आ जाए, मगर देर रात तक भी ऐसा कोई आस नहीं जगी कि बच्चे का कहीं कोई नामो-निशां दिखा हो।









### ग्राम प्रधान की सफाई को कोसते रहे क्षेत्रवासी

**मुजफ्फरनगर।** मासूम अवि के देर रात तक न मिल पाने के कारण क्षेत्र के लोगों ने ग्राम प्रधान को जमकर कोसा। और कोसते हुए बताया कि क्षेत्र में न तो तालाब की कोई सफाई हो पाती है नालों की तो बहुत दूर की बात है। ऐसे में अगर आज नाले में इतना कूड़ा करकट न होता तो शायद अवि को ढूंढने में सफलता मिल जाती मगर जब क्षेत्र के लोगों ने अपनी मेहनत कर नाले के अंदर फावड़े इत्यादि उपकरणों से सफाई करने की कोशिश की तो सफाई करते-करते उन्हें घंटों लग गए, मगर किसी भी प्रकार से बच्चे का कोई सुराग नहीं लगा। आपको बता दें कि जिस समय बच्चे को ढूंढा जा रहा था, तो सबसे ज्यादा लोगों ने ग्राम प्रधान सहित नेताओं को खूब कोसा। आमजन का यही कहना था कि नेताओं को किसी की भावना से कोई लेना-देना नहीं है। दो दर्जन से अधिक लोग नाले में बिना कोई शर्म किए बच्चे को बचाने के लिए उतर गए मगर किसी नेता ने यह सुध तक नहीं ली कि नगर में इतनी बड़ी घटना घटित हुई तो वहां पहुंचकर किसी प्रकार का कोई बचाव कार्य किया जाये। देर शाम सूचना मिलने पर मुजफ्फरनगर सांसद हरेन्द्र मलिक घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी हासिल की और परिजनों को सांत्वना दी कि जल्द ही उनका बच्चा मिल जाएगा।

# कूड़े के ढेर पर मिला बैग में बंद नवजात शिशु अस्पताल पहुंचाया

**जानसठ, 22 जून (बु.)।** लोग संतान प्राप्ति के लिए मंदिरों में जाकर मन्नत मांगते हैं, पीर फकीरों से दरगाहों पर दुआ पढ़वाते हैं। इसके बाद भी लोगों को संतान का सुख प्राप्त नहीं होता है, जिन लोगों को संतान आसानी से प्राप्त हो जाती है, वह लोग संतान की कदर नहीं करते हैं। कस्बे में अज्ञात कलयुगी मां ने नौ महीने अपने पेट में बच्चे को रखा और पैदा होने पर उसे जिंदा ही

**▶▶ कलयुगी स्वजन बैग में बंदकर जिंदा नवजात शिशु को कूड़े के ढेर पर फेंक गए**
**▶▶ नवजात शिशु के शरीर पर मिले खरोंच के निशान**

बैग में बंद कर सड़क किनारे कूड़े के ढ़ेर पर फेंक गई। बैग में शराब का खाली पव्वा और एक जोड़ी चप्पल भी मिली। सफाई कर्मचारियों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल भेज दिया गया। रविवार की सुबह लगभग सात बजे नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी पुरानी नगर पंचायत कार्यालय के पास सड़क के किनारे से कूड़ा उठा रहे थे। इसी दौरान कूड़े के ढेर से बच्चे के रोने की आवाज आई। नजदीक जाकर देखा, तो बैग में जिंदा नवजात शिशु ( लड़का) मिला। बैग के अंदर शराब का खाली पव्वा और एक जोड़ी लेडीज चप्पल भी मिली। नवजात शिशु को देखकर सफाई कर्मचारी सुनील भाटिया ने अपने साथ सफाई कर रहे शुभम को बताया। शुभम का घर पास में ही था। शुभम ने अपने घर पर पहुंचकर अपनी मां गीता को नवजात शिशु के मिलने की जानकारी दी। शुभम की मां गीता ने






मौके पर पहुंचकर नवजात शिशु को कपड़े में लपेटा। उसके बाद उन्होंने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सीएचसी पर चिकित्सकों ने नवजात शिशु का उपचार किया।

शेष खबर : पृष्ठ-4 पर

### अभागे हैं वह, जिन्होंने इतना सुंदर बच्चा कूड़े में डाला

**जानसठ।** कूड़े के ढेर में नवजात को देख लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सफाईकर्मी की मां गीता ने कहा कि अभागे हैं, वह जिन्होंने इतने सुंदर बालक को कूड़े के ढेर में मरने के लिए डाल दिया। वह भूल गए कि जन्म देने और बचाने वाले ईश्वर हैं। ऐसा कृत्य करने वाले को ईश्वर कभी माफ नहीं करेंगे। कस्बेवासी रमेश ने कहा कि हो सकता है कि बिन ब्याही मां ने यह कृत्य किया हो। कानून की नजरों से भले ही वह बच जाए, लेकिन ऊपर वाला जरूर सजा देगा।

### सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस

**जानसठ।** वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बैग और शराब के खाली पव्वे तथा चप्पलों को जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। नवजात शिशु का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिला अस्पताल में नवजात शिशु स्वस्थ है। कस्बे के लोगों में नवजात शिशु को गोद लेने के लिए अस्पताल में भीड़ लग गई। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि बैग में बंद नवजात मिला है उसी के साथ बैग में शराब का खाली पव्वा और चप्पल भी मिली हैं। कस्बे व आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# विद्युत विभाग बताता है अपने को अच्छा, लाइट भगाकर कर्मचारी पहने बैठे था कच्छा

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** अपने आपको बहुत मेहनती, सक्रिय बताने वाला विद्युत विभाग का एक नमूना कल मिमलाना रोड स्थित बिजलीघर पर तब मिला, जब रात्रि 12:30 बजे पूरे क्षेत्र की लाइट भगाकर विद्युत कर्मचारी आराम से बिजलीघर पर बैठा हुआ था। जब आधी रात तक लाइट नहीं आई तो दर्जनों लोग मिमलाना रोड बिजलीघर पहुंचे और एक विचित्र दृश्य देखकर हतप्रभ रह गए। बिजली विभाग का एक कर्मचारी पूरी तरह से नशे में धुत्त अर्धनग्न हालत में सिर्फ कच्छा पहनकर बिजलीघर पर बैठा था। आसपास खड़े लोग बार-बार उक्त कर्मचारी को हिलाते रहे मगर क्या मजाल जो उक्त कर्मचारी हिलने को तैयार हो। कभी इधर झूलता, कभी उधर झूलता, मगर आम जनता को यह बताने की हालत में वह था ही नहीं कि आखिर वह बिजली गुल करके बैठा क्यों है? यह कोई पहला मामला नहीं है, जब कोई विद्युत विभाग का कर्मचारी नशे में धुत्त हालत में बिजलीघर पर मिला हो, इससे पहले भी कई बार कर्मचारी नशे की हालत में मिले हैं, मगर बिजली विभाग के कर्मचारी अब कच्छे में भी ड्यूटी देने लगे हैं, ऐसा तो शायद पहली बार ही देखने को मिला है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्युत विभाग की धींगामुश्ती किस तरह से सिर चढ़कर बोल रही है। बड़ी बात यह है कि इन्हें कोई न तो नशा करने से रोकने वाला है और न ही इस बात से कोई रोक पाएगा कि जिस कार्यालय में पब्लिक कभी भी आ सकती है, उस कार्यालय में बैठना किस तरह से है। न कपड़े पहनने का पता और न ही बोलने चालने का। रामभरोसे चल रही शहर की सरकार में तो यह भी नहीं पता कि समाचार पता लगने के बाद भी इस पर कोई कार्यवाही की जाएगी अथवा नहीं।



### पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकवादी को शरण देने के आरोप में दो गिरफ्तार

**श्रीनगर, 22 जून (वार्ता)** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)ने जम्मू-कश्मीर में अप्रैल में पर्यटकों पर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए आतंकवादियों को शरण देने के आरोपी दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उस हमले में 26 पर्यटक मारे गए थे और 16 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एनआईए ने रविवार को कहा कि पहलगाम के बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया है और यह भी पुष्टि की है कि वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े पाकिस्तानी नागरिक थे।

# नगर विकास विभाग ने उठाया नया कदम, अब नगर निकाय 1 करोड़ और पालिका परिषद 2 करोड़ तक के खुद कर सकेगी विकास कार्य

**लखनऊ, 22 जून (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में नगर विकास विभाग में एक नया कदम उठाते हुए बड़ा फैसला किया है। प्रदेश की नगर निकायों को अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्तता प्रदान करने की दिशा दी है। वर्ष 2021 में जारी मानक संचालन प्रक्रिया में व्यापक संशोधन करते हुए संचालन प्रक्रिया को अधिक सरल और जवाबदेह बनाया है, जिसके चलते अब नगर पंचायतों को एक करोड़ रुपये और पालिका परिषद को दो करोड़ रुपये तक के विकास कार्य करने की स्वायत्तता होगी। इसके साथ ही नगर निकायों से करवाये जाने वाले निर्माण कार्यों में होने वाली गड़बड़ी व गुणवत्ता में कमी के लिए 50-50 प्रतिशत राशि ठेकेदारों व प्रशासनिक अधिकारियों से वसूलने का भी प्रावधान किया गया है। इसी के साथ-साथ विकास प्रक्रिया को और तेज करने के लिए नई तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर दिया जायेगा। नगर विकास विभाग का बताना है कि उक्त सभी निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप लेते हुए नगर विकास विभाग के 74 वें संविधान संशोधन के मुताबिक नगर निकायों का अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वायत्तता प्रदान की है। आपको बता दें कि अभी तक सिर्फ 40 लाख रुपये तक के विकास कार्य करवाए जा सकते थे। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के अनुसार मानक संचालन प्रक्रिया में संशोधन से नगरीय निकायों को न केवल वित्तीय स्वायत्तता मिलेगी बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता व पारदर्शिता भी सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने यह भी बताया कि संशोधन के अनुसार किसी भी निर्माण या विकास कार्य में गुणवत्ता की कमी या मापन में त्रुटि के कारण यदि अतिरिक्त भुगतान होता है तो उसकी वसूली सम्बंधित ठेकेदार से पचास प्रतिशत



और बाकी की 50 प्रतिशत राशि अभियंता एवं प्रशासनिक अधिकारियों से वसूल की जाएगी। वसूली प्रक्रिया जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित व संचालित की जाएगी। यदि किसी मामले में वसूली नहीं हो पाई तो उसे भू-राजस्व की तरह वसूलने का प्रावधान रहेगा। संशोधन नियम के अनुसार नगर निकायों की 3.75 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क के निर्माण के लिए आधुनिक एफडीआर तकनीक का प्रयोग किया जायेगा। इसके साथ ही सड़कें सीसी रोड या डमरीकृत बनाई जाएंगी। 3.75 मीटर चौड़ी सड़क पर इंटरलॉकिंग टाइल्स का प्रयोग किया जा सकेगा बशर्ते की वह मुख्य मार्ग न हो और इंटरलॉकिंग टाइल्स सड़क पर भारी वाहन न चलते हों। निकायों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे वार्डवार अभिलेखीकरण, डायरेक्ट्री और जीआईएस मैपिंग करें, जिससे लम्बे समय की योजनाएं आसानी से बनाई जा सकें। यह संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया नगरीय प्रशासन के विकेन्द्रीकरण और जवाबदेही को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

Fortis HOSPITAL NOIDA

रीढ़ की हड्डी, जोड़ों का दर्द, कैंसर व नसों के दर्द के लिए ओपीडी

दिल्ली के बहुप्रतिष्ठित पेन स्पेशलिस्ट से मिलें



डॉ. अनुराग अग्रवाल

MBBS (UCMS & GTB Hospital), MD (M.A.M.C.), DA (Safdarjung Hospital), FISNAC, FIPM, Trained in University of Birmingham, UK

एडिशनल डायरेक्टर - आपातकालीन चिकित्सा

न्यूरो - स्पाइन और दर्द विशेषज्ञ, फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा

साप्ताहिक ओ.पी.डी.
दिनांक 24 जून, 2025 (प्रत्येक मंगलवार)

आप बेहतर दवाईयों से अपने पुराने दर्द से राहत पायें।



परामर्श लें :

- स्लिप डिस्क
- रीढ़
- पीठ दर्द
- कंधे एवं जोड़ों का दर्द
- माइग्रेन
- लंबे समय तक सिरदर्द
- कैंसर का दर्द
- न्यूरोपैथी
- पुराना दर्द एवं मांसपेशियों का दर्द

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- 80761-88634,97172-36321
नेवी मेडिकल स्टोर, गली न0. 2, मेन रोड, सदर बाजार, मु० नगर
समय : प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक

### बारिश से मकान की छत गिरी, मलबे में दबा 12 वर्षीय मासूम

**चरथावल, 22 जून (बु.)।** क्षेत्र के महाबलीपुर गांव में बारिश के कारण विकास कश्यप के मकान के बरामदे की छत भर-भराकर गिरने से बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि ग्रामीण का 12 वर्षीय बेटा मलबे में दब गया। ग्रामीणों ने बामुश्किल उसे सकुशल बाहर निकाला। उसकी हालत ठीक है। पूर्व ग्राम प्रधान संजीव चौधरी ने बताया कि विकास की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। भगवान का शुक्र है कि किशोर की जान बच गई। बारिश के कारण महाबलीपुर के अलावा आसपास क्षेत्र में लोगों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की है।



### हनीफ के इश्क में अंधी रीना : नौ बच्चों की मां ने प्रेमी संग मिल मिटाया सुहाग

**कासगंज, 22 जून (एजेंसी)।** यूपी के कासगंज स्थित पटियाली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा भरगैन में एक नौ बच्चों की मां ने अपने प्रेमी के संग मिलकर पति को मौत के घाट उतार कर पानी की कुंडी में डाल दिया और बच्चों को छोड़कर प्रेमी के संग फुर्र हो गई। घटनाक्रम के अनुसार जनपद फर्रूखाबाद थाना कायमगंज क्षेत्र के ग्राम उलियापुर निवासी 50 वर्षीय रतीराम नट पुत्र बाबू राम नट अपनी पत्नी रीना व बच्चों को साथ लेकर ईंट भट्ठों पर मजदूरी करने के उद्देश्य से लगभग एक हफ्ता पूर्व भरगैन आया था। सूत्रों के मुताबिक प्रेम सम्बन्धों को लेकर दोनों पति पत्नी के बीच 17 जून को मारपीट हो गई और 18 जून की रात से रतीराम गायब हो गया। 20 जून को रीना सभी बच्चों को छोड़कर प्रेमी के संग फुर्र हो गई। 21 जून को कस्बे के लोगों ने सड़क किनारे एक बंद पड़े भट्टे पर बच्चों को रोते बिलखते देखा, तो घटना की सूचना यूपी सौ व कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने रतीराम के परिजनों को खोजने का प्रयास किया और तो वहीं 21 जून को रतीराम के भाई अरविंद ने कोतवाली में रतीराम की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए रीना और उसके प्रेमी हनीफ पर रतीराम को गायब करने का आरोप भी लगाया था। 22 जून को लगभग 10 बजे राहगीरों व कस्बे के लोगों को बहुत अधिक बदबू आती महसूस हुई, जब बदबू बर्दाश्त से बहार हुई, तो कुछ कस्बे के लोगों ने इधर-उधर खोज करने की कोशिश की कि बदबू कहां से आ रही है, तभी किसी की नजर पानी की कुंडी में गई जिसको देखकर लोगों के होश उड़ गये। एक व्यक्ति के पैर ऊपर दिख रहे थे और उसका सिर पानी में डूबा हुआ था। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुचीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारतीय, सीओ संतोष कुमार, कोतवाली निरीक्षक राम बकील सिंह भारी पुलिस बल और फोरेंसिक विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और गहनता से निरीक्षण कर शव कुंडी से बहार निकाला। शव की पहचान रतीराम के रूप में हुई। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE | MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली (गाज़ियाबाद) के श्रेष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर मुज़फ्फरनगर में

डॉ. चिराग जैन
सीनियर कंसल्टेंट - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

मंगलवार, 24 जून 2025
सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे
गंगा राम हॉस्पिटल, जिला परिषद कॉलोनी, सदर बाजार, मुज़फ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

समस्याएँ: वजन का कम होना, खून की कमी या अनेमिया, थकान और कमजोरी का अनुभव करना, खून में गंध, खून की गिल्टी या खून गर्म होना, खांसी या सांस लेने में परेशानी, भूख की कमी, पेट का बढ़ जाना, पेट में अनियमितता या कब्ज, स्तन या अंडकोष में गांठ का होना इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: +91-82181 49646

www.maxhealthcare.in
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली (क्रॉसले रेमिडीज लिमिटेड की एक इकाई)
डब्ल्यू-3, सेक्टर-1, वैशाली, गाज़ियाबाद - 201012, (यूपी) | फोन: +91-0120-4173 000, 4188 000

# फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर आरक्षी ट्रेनिंग में पहुंची महिला गिरफ्तार

**सहारनपुर, 22 जून (एजेंसी)।** पुलिस विभाग में चल रही आरक्षी ट्रेनिंग के दौरान बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। आगरा की रहने वाली एक महिला फर्जी नियुक्ति पत्र के साथ पुलिस लाइन में ट्रेनिंग में शामिल होने पहुंची, लेकिन दस्तावेजों की जांच में उसकी चालाकी पकड़ी गई। पुलिस ने महिला को तत्काल हिरासत में ले लिया और थाना सदर बाजार में मुकदमा दर्ज कर लिया है।जिले में ट्रेनिंग के लिए छह जिलों के सिपाही आए हैं। पुलिस लाइन में आरक्षी ट्रेनिंग के तहत दस्तावेजों की जांच चल रही थी। इसी दौरान आगरा जिले के गांव करनपुरी जैतपुर कलां निवासी मीनाक्षी नाम की महिला पहुंची और अपने दस्तावेज जमा कराए, जब पुलिस अधिकारियों ने दस्तावेजों की बारीकी से जांच की तो नियुक्ति पत्र संदिग्ध नजर आया। पुलिस ने पूछताछ की तो महिला ने खुद स्वीकार कर लिया कि उसने किसी अन्य अभ्यर्थी का नियुक्ति पत्र एडिट कर अपना नाम डाल दिया था। महिला ने बताया कि उसे उम्मीद नहीं थी कि उसका फर्जीवाड़ा पकड़ा जाएगा। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ की गई। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। अमरोहा की रहने वाली महिला के दस्तावेज किए इस्तेमाल जांच में पाया गया कि आरोपी महिला मीनाक्षी ने अमरोहा जिले के नवापुरा गांव की रहने वाली महिला मीनाक्षी पुत्री शिवराज के दस्तावेज इस्तेमाल किए थे। जांच के दौरान एक महिला आरक्षी अधिक मिली थी। इनमें मीनाक्षी नाम की पांच महिला आरक्षी पाई गई थी। इसके बाद अधिकारियों को शक हुआ। एसएसपी रोहित सजवाण ने बताया कि एक महिला फर्जी नियुक्ति पत्र के साथ आरक्षी ट्रेनिंग में शामिल होने आई थी। दस्तावेजों की जांच के दौरान महिला को पकड़ा है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना सदर बाजार में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


मीनाक्षी, आरोपी

## तारीख गवाह है

## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली, 22 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 23 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। **1661**- सम्राट चार्ल्स द्वितीय का पुर्तगाल की राजकुमारी से विवाह हुआ और पुर्तगाल ने दहेज के तौर पर बम्बई को ब्रिटेन को सौंप दिया। **1757**- पलासी की लड़ाई में अंग्रेजों के हाथों सिराजुद्दौला की हार और वह ऊंट पर बैठकर निकल भागा। **1761**- मराठा शासक पेशवा बालाजी बाजी राव का निधन। **1810**- बाम्बे के डंकन डॉक का निर्माण कार्य पूरा। **1868**- क्रिस्टोफर एल शोल्स को टाइपराइटर के लिए पेटेंट मिला। **1953**- जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का कश्मीर में एक अस्पताल में निधन। **1960**- जापान और अमेरिका के बीच सुरक्षा समझौता। **1980**- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी की विमान दुर्घटना में मौत। **1985**- एयर इंडिया का एक यात्री विमान आयरलैंड तट के करीब हवा में दुर्घटनाग्रस्त। सभी 329 यात्रियों की मौत। **1992**- न्यूयॉर्क के अपराध जगत के सरगना और क्षेत्र के सबसे बड़े माफिया परिवार के प्रमुख गोत्ती को धोखाधड़ी और हत्या के पांच मामलों में उम्रक़ैद की सजा सुनाई गई। **1994**- संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने दक्षिण अफ़्रीका की सदस्यता को मंजूर किया। **1994**- उत्तरी कोरिया द्वारा परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने की घोषणा। **1996**- शेख हसीना वाजिद ने बंगलादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। **2008**- टायर बनाने वाली देश की प्रमुख कम्पनी जेके टायर इण्डिया लिमिटेड ने मैक्सिको की टायर कम्पनी टोर्नल एवं उसकी सहायक कम्पनियों का 270 करोड़ डालर में अधिग्रहण किया। **2013**- निक वाल्लेंडा अमेरिका के ग्रांड कैनयॉन की पहाड़ी को रस्सी पर चलकर पार करनेवाले पहले व्यक्ति बने। **2016**- ब्रिटेन के लोगों ने यूरोपीय संघ से अलग होने के पक्ष में वोट दिया। प्रस्ताव के पक्ष में 51.9 प्रतिशत वोट पड़े, जबकि 48.1 ने इसका विरोध किया। **2021**- इथोपिया के तिग्रे में हवाई हमला, 50 से ज्यादा की मौत।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 22 जून, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 99200 | चांदी- | 106800 |
| सिक्का- | 1130 | गिन्नी- | 73890 |

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 23 जून, 2025**

**मेष-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम, सुलभ, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि हासिल।

**वृषभ-** व्यापार में धन निवेश, कठिनाइयों का निराकरण, रचनात्मक कृत्यों की ओर संलग्नता, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, शारीरिक मानसिक कष्ट में कमी।

**मिथुन-** ग्रहस्थिति विपरीत, आय की तुलना में व्यय अधिक, अकेलेपन की अनुभूति, आपसी सम्बन्धों में मतभेद, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, नवसम्पर्क व्यर्थ।

**कर्क-** अधूरी योजना की पूत, समझदारी से किया गया कार्य लाभप्रद, सम्मान में वृद्धि, स्वयं की प्रतिभा का सदुपयोग, उत्साह में वृद्धि, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य।

**सिंह-** समय शुभ, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, आत्मसंयम से सिद्धि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुचि, जीवन साथी से सहयोग।

**कन्या-** प्रगति हेतु प्रयत्नशील, सद्विचारों का उदय, आपसी सौहार्द, वैमनस्यता का समापन, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन मधुर, धर्म-अध्यात्म में रुचि।

**तुला-** कार्यों के प्रति उदासीनता, प्रियजनों से विश्वासघात की आशंका, आृथक हानि, वैवाहिक जीवन में असंतोष, व्यय की अधिकता, अकेलेपन की अनुभूति।

**वृश्चिक-** शुभ भावनाओं का उदय, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, स्वयं का निर्णय हितकर, जनकल्याण की ओर प्रवृत्ति, व्यक्तित्व को बनाये रखने में व्यय।

**धनु-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, पठन-पाठन में रुचि, आत्मिक शांति।

**मकर-** सामयिक सिद्धि का प्रयास, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

**कुम्भ-**वांछित प्रगति हेतु किये जा रहे प्रयास असफल, धनागम में बाधा, मित्रों एवं परिजनों से गलतफहमी, व्यापारिक पहलू को लेकर चिन्तित, सुख शांति का अभाव।

**मीन-** सफलता का सुयोग, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# डकैती की योजना बना रहे पांच बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, दो बदमाश गोली लगने से घायल

## - दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग के समीप बन्द पड़े कोल्हू पर हुई मुठभेड़ - कोल्हू पर डकैती की योजना बना रहे थे बदमाश



**मीरापुर, 22 जून (बु.)।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर बलीपुरा के समीप बन्द पड़े कोल्हू पर डकैती डालने की योजना बना रहे बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए, जबकि बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली से कई पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। घायल बदमाशों के अलावा पुलिस ने मौके से भाग रहे तीन अन्य बदमाशों को पीछा कर दबोच लिया। मुठभेड़ की सूचना पर सीओ जानसठ यतेंद्र नागर समेत आसपास के थानों की पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुँच गयी। मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि बलीपुरा के समीप एक बन्द पड़े कोल्हू के समीप कुछ संदिग्ध किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने बलीपुरा गांव के निकट बंद पड़े उक्त कोल्हू की घेराबंदी की, तो पुलिस को देखकर वहाँ मौजूद बदमाशों ने तमंचों से फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग में कई पुलिसकर्मी गोली लगने से बाल-बाल बच गए, पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, तो पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए तथा वहीं गिर गए, जबकि तीन बदमाश जंगल की ओर भाग लिए। पुलिस ने दौड़कर घायल दोनों बदमाशों को दबोच लिया तथा भाग रहे तीनों बदमाशों का पीछा शुरू किया। पुलिस पूछताछ में घायल बदमाशों ने अपना नाम शादाब पुत्र वाजिद व आकिल पुत्र जाबिर निवासी गांव बुन्टा, थाना गढ़ीपुख्ता, जनपद शामली बताया। पुलिस ने मौके से भाग रहे शेष तीनों बदमाशों आसिफ पुत्र जान मौहम्मद, हकीकत पुत्र जाहिद निवासी गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा, थाना रतनपुरी व सागर पुत्र जयचंद निवासी रामपुर मनिहारन, जिला सहारनपुर को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को बदमाशों के कब्जे से दो बाइक, दो तमंचे, एक चाकू व पांच कारतूस मिले। पुलिस ने घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए बदमाशों को न्यायालय में पेश कर किया, जहाँ से सभी को जेल भेज दिया।

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं न्यूरो रोग परामर्श शिविर आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बुस.)।** एमजी. पब्लिक स्कूल परिसर में जून माह के मासिक चिकित्सा कैम्प में रोगियों को दोहरा लाभ मिला। इस बार यहां निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा शिविर के साथ ही न्यूरो रोग परामर्श कैम्प का आयोजन भी किया गया। शिविर का शुभारंभ एम.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल ने किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने अतिथियों, चिकित्सकों और उपचार परामर्श पाने के लिए आये नेत्र रोगियों का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि रविवार को वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी के सहयोग से विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष स्व. हरबंस लाल गोयल एवं स्व. विमलावती देवी की पुण्य स्मृति में आँखों के निःशुल्क विराट चिकित्सा कैंप में वरदान नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी की विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक डॉ. स्वाति अग्रवाल (एमबीबीएस, एमएस) के द्वारा रोगियों के नेत्रों का परीक्षण कर उनको उचित उपचार परामर्श के साथ ही निःशुल्क दवा वितरित की गयी। शिविर में 55 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया और 07 रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इसके अतिरिक्त न्यूरो स्पेशलिस्ट डॉ. भावना तोमर (एम.बी.बी.एस., डीएम न्यूरोलॉजी) ने अपनी टीम के साथ न्यूरो रोग परामर्श शिविर में रोगियों को उचित उपचार परामर्श प्रदान कर लाभान्वित किया। इस शिविर में 50 रोगियों को उपचार पमरार्श के साथ निःशुल्क दवाई भी प्रदान की गई। प्रधानाचार्या ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के मार्गदर्शन में उपचार प्रदान करके नेत्र स्वास्थ्य और न्यूरो रोगों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रांगण में माह के प्रत्येक चौथे रविवार को शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें सेवा और सुविधा को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास हम कर रहे रहे हैं। विद्यालय में आगामी नेत्र चिकित्सा शिविर 27 जुलाई, 2025 को सुबह 9.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से एम.जी. चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश चंद गोयल, मधु गोयल अथर्व गोयल, वरिष्ठ सर्जन डॉ. एससी गुप्ता, एम.जी. पब्लिक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के उपाध्यक्ष विनीत सिंघल, कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, वरदान धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय, प्रेमपुरी के अध्यक्ष शिवचरण दास गर्ग, सचिव पवन गोयल, कोषाध्यक्ष भानु प्रताप अग्रवाल, वरदान चौधरी, राशि चौधरी मौजूद रहे। शिविर आयोजन में नेत्र सर्जन डॉ. स्वाति अग्रवाल के साथ उनके सहयोगी के रूप में मोहिनी प्रजापति, पूजा, परवेज आलम, आकाश कुमार, सुरेन्द्र माहेश्वरी और डॉ. अजहर हुसैन तथा डॉ. भावना तोमर के साथ वैनी कश्यप, अंकित कश्यप और शीशपाल चौधरी सहित विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



## राष्ट्रपति के भाषणों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करेंगे राजनाथ

**नयी दिल्ली, 22 जून (वार्ता)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के भाषणों के संकलन 'विंग्स टू अवर होप्स - वॉल्यूम दो' और 'आशाओं की उड़ान - खंड 2' पुस्तकों का विमोचन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित विमोचन समारोह में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी उपस्थित रहेंगे। दरअसल ये पुस्तक प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित की है और इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष में दिए गए भाषणों का संकलन किया गया है। 'विंग्स टू अवर होप्स - वॉल्यूम 2' 51 भाषणों का संकलित संग्रह है, जो राष्ट्रपति के दूसरे वर्ष के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं के बारे में है। राष्ट्रपति भवन द्वारा संकलित और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित, पुस्तक में शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विमर्श का वृत्तांत प्रस्तुत किया गया है। सरकार के अग्रणी प्रकाशन संस्थान के रूप में प्रकाशन विभाग जनहित, राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन, संस्कृति, कला और साहित्य के विभिन्न विषयों पर पुस्तकें प्रकाशित करता रहा है।

# राजस्थान मे होंगे पत्रकार रोहिताश्व कुमार वर्मा कबीर कोहिनूर अवार्ड से सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बुस.)।** राजस्थान अखिल भारतीय कबीर मठ, सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष, पीठाधीश्वर महंत भारत भूषण महंत श्री डॉ. नानक दास के सान्निध्य में 11 जुलाई को सतगुरु कबीर साहब की 628वीं जयंती पर राजस्थान के नागौर जिले में बड़ी खाटू में कबीर कोहिनूर अवार्ड 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश भर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित पत्रकार, चिकित्सक, शिक्षक व समाजसेवियों को कबीर कोहिनूर अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा, जिसमें यूपी के मुजफ्फरनगर जिले से पत्रकार रोहिताश्व कुमार वर्मा को ग्रामीण पत्रकारिता के माध्यम से उपेक्षित गांवों के लोगों की आवाज उठाने पर कबीर कोहिनूर अवार्ड के लिए चयनित किया गया। इससे पहले भी उन्हें भारतीय प्रेस परिषद व मीडिया फैडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा दिल्ली में ग्रामीण पत्रकारिता में राष्ट्रीय पुरस्कार व प्रयागराज में साहित्यिक संस्था गुफ्तगू के द्वारा कुलदीप नैयर अवार्ड से नवाजा जा चुका है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, ब्लाक प्रमुख अनिल राठी, भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, रालोद के मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, डॉ. अमित ठाकरान के अलावा जिले के पत्रकारों, शिक्षकों व गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

# नकाबपोश बदमाशों ने मवाना व्यापार मंडल अध्यक्ष को गोली मारी



**मेरठ, 22 जून (एजेंसी)।** मवाना नगर के गोल मार्केट के पास शनिवार रात रिश्तेदार के साथ घर लौट रहे मवाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष इमरान इलाही को नकाबपोश तीन हमलावरों ने गोली मारकर घायल कर दिया। हमलावर गोली मारने के बाद बाइक पर भाग निकले। घायल को इलाज के लिए मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इमरान की पीठ में कंधे के पास गोली लगी है। पुलिस हमलावरों की तलाश में लगी है। मवाना व्यापार मंडल के अध्यक्ष इमरान इलाही का गोल मार्केट के पास जूतों का शोरूम है। वह बसपा के टिकट से नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव भी लड़े थे। शनिवार शाम करीब 9:30 बजे वह अपने रिश्तेदार नसीम निवासी मीर मोहम्मद वाली गली के साथ खतौलिया चौक पर किसी मैकेनिक के यहां बाइक से गए थे। मैकेनिक के नहीं मिलने पर दोनों वापस लौट रहे थे। बाइक इमरान चला रहे थे। नसीम ने बताया कि गोल मार्केट के सामने पहुंचे तो बाइक पर सवार तीन आरोपी आए। उन्होंने मुंह कपड़े से ढक रखे थे। इनमें से एक ने इमरान इलाही पर फायर किया। गोली इमरान की पीठ में कंधे के पास लगी। गोली चलने की आवाज सुनते ही बाजार में भगदड़ मच गई। गोली लगने के बाद इमरान सड़क पर गिर पड़े। बाइक सवार हमलावर प्रिया टॉकीज वाले रास्ते की तरफ भाग गए। घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने इमरान को मेरठ रेफर कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच जानकारी की और बदमाशों की तलाश में लग गई। पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल हमलावरों के बारे में और जानलेवा हमले के कारण का पता नहीं चल पाया है। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा का कहना है कि पुलिस हमलावरों को तलाश कर रही है। परिजनों की तरफ से अभी हमलावरों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। किसी से रंजिश की बात भी सामने नहीं आई है। परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इमरान को जिस समय गोली मारी गई वह बाइक चला रहे थे। पीछे उनके रिश्तेदार नसीम बैठे थे। पीछे से जिस तरह गोली मारी गई, इससे आशंका है कि हमलावरों के निशाने पर नसीम तो नहीं थे। एसपी देहात का कहना है कि इस बिंदु पर भी जांच की जा रही है।

# ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में योग दिवस संपन्न



**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बुस.)।** ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशाल योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विनोद संगल, उपाध्यक्ष महेश कुमार, गुडविल संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, सचिव होतीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहनी, योगाचार्य मुकुल दुआ एवं देवराज पँवार आदि, भारत विकास परिषद समृद्धि शाखा से अरुण खंडेलवाल अध्यक्ष पंकज बंसल, सचिव अचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमर माहेश्वरी, महिला संयोजिका ऋचा गुप्ता आदि, विद्यालय के डायरेक्टर एम.के. गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष त्यागी, जूनियर विंग की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान, काउंसलर कंचन सोनी, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ओइम के उच्चारण के साथ हुआ। सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। आसनों में पद्मासन, सर्वांगासन, हलासन, वज्रासन, धनुरासन, मण्डूकासन, ताड़ासन, वृक्षासन, पद्मासन आदि योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सभी ने योगासनों से लाभ अर्जित किया और इन्हें दैनिक दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने योग दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे स्वस्थ जीवन की ओर एक सराहनीय प्रयास बताया और कहा कि योग न सिर्फ हमारे शरीर को स्वस्थ बनाता है बल्कि मन और मस्तिष्क से दोनों को मजबूती प्रदान करता है योग के कारण हमारे जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है, जिसकी सहायता से हम हर बीमारी से लड़ने के काबिल बनते हैं। योग करने से हमारा मन शांत होता है। आत्मबल बढ़ता है। हम सब को अपने जीवन में योग अपनाना चाहिए और जीवन को सफल बनाने की कोशिश करनी चाहिए। विनोद संगल ने सभी का धन्यवाद किया।



# तबादले में वसूली को लेकर मंत्री और अफसर झगड़ रहे : अखिलेश यादव



**कन्नौज, 22 जून (एजेंसी)।** पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के पैसे के बंटवारे को लेकर सरकार में झगड़ा हो रहा है। कहीं मंत्री-अधिकारी में झगड़ा है, तो कहीं जिलों में अधिकारियों-अधिकारियों में है। कानपुर में अधिकारियों के झगड़े में भाजपा के विधायक खेमों में बंट गए। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है,अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं, प्रदेश में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है,थानों के सामने हत्याएं हो रही हैं, गाजियाबाद में एफआईआर लिखाने गया तो हत्या हो गई। अखिलेश ने कहा कि सरकार बताए कि हर जिलों में टॉप टेन अपराधी कौन है। कन्नौज, कानपुर, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, वाराणसी, कौशांबी, मिजापुर और अन्य जिलों के टॉप टेन अपराधियों की सूची जारी हो। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्राथमिक स्कूलों को बंद करने और उनके मर्जर के खिलाफ है, बच्चे और बच्चियां दूर के स्कूलों में कैसे पहुंचेंगे। अखिलेश ने कहा कि भाजपा जानबूझकर स्कूलों को बंद कर गरीबों से शिक्षा, नौजवानों से नौकरी और पीडीए का आरक्षण छीनना चाहती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। सड़कों के गड्ढामुक्त के नाम पर भारी भ्रष्टाचार हुआ, बिजली विभाग में अलग झगड़ा चल रहा है। सरकार ने बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया,लेकिन निजीकरण कर रही है, मेडिकल कॉलेज में बिजली नहीं मिल रही है। मरीज परेशान है। ट्रांसफर पोस्टिंग में उगाही शुरू हो गई है।अब तो आम जनता जान गयी है कि हर विभाग में भ्रष्टाचार और लूट चल रही है। अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है, सड़कों के गड्ढामुक्त के नाम पर भारी भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के पैसे के बंटवारे को लेकर सरकार में झगड़ा हो रहा है, झगड़ा कई स्तरों पर है। स्थानांतरण में वसूली को लेकर झगड़ा है।

# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में योग दिवस मनाया गया

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बुस.)।** विगत दिवस एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में चल रहे सप्ताहव्यापी "योग शिखर" कार्यक्रम के अंतर्गत पाँचवें एवं छठे दिन, दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। योग पर लेखन कला प्रतियोगिता एवं सामूहिक सूर्य नमस्कारः ऊर्जा और एकाग्रता का अनुभव। इन आयोजनों ने विद्यार्थियों को शारीरिक, बौद्धिक और आत्मिक स्तर पर योग का गहन अनुभव प्रदान किया।

इस आयोजन की समन्वयक प्राची ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जिसे लेखनी के माध्यम से शब्दों में ढालना आत्मानुभूति की उत्कृष्ट विधि है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ 12 चरणों में सूर्य नमस्कार किया। इस सामूहिक सूर्य नमस्कार गतिविधि का समन्वयन पवन बालियान द्वारा किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा और योग अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि लेखन विचारों का प्रतिबिंब होता है और जब वह योग जैसे पवित्र विषय से जुड़ता है, तो उसका प्रभाव और भी गहरा होता है।

# गांगुली भारतीय टीम के कोच बनना चाहते हैं

## बोले- पहले समय नहीं था अब तैयार हूं, राजनीति में नहीं जाएंगे



**नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली टीम इंडिया का कोच बनने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दिए इंटरव्यू में यह इच्छा जाहिर की। उन्होंने राजनीति में आने से साफ इनकार कर दिया। इसके अलावा, पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने गौतम गंभीर की कोचिंग पर भी बात की। भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले ग्राउंड पर खेला जा रहा है। कोचिंग के सवाल पर गांगुली ने कहा, मैंने अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं। मैं बंगाल क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बना और फिर बीसीसीआई अध्यक्ष। मुझे कभी समय नहीं मिला, लेकिन देखते हैं फ्यूचर में क्या होता है। मैं अभी 50 साल का हूं और मौका मिलने पर भारतीय टीम का कोच बनने को तैयार हूं। देखते हैं भविष्य में क्या होता है। सौरव गांगुली का क्रिकेट करियर लगभग 16 साल का रहा। गांगुली ने मौजूदा कोच गौतम गंभीर की खूब तारीफ की। गांगुली ने कहा, गौतम अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से हारते हुए थोड़ी धीमी शुरूआत की, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के साथ उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। यह एक बड़ी सीरीज (इंग्लैंड के खिलाफ) होने जा रही है। गांगुली ने 2000 से 2005 तक नेशनल टीम की कप्तानी की और बाद में 2019 से 2022 तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के 35वें अध्यक्ष के रूप में काम किया। इससे पहले, वे 2015 से 2019 तक बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। वे 2021 में मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे।

# ट्रंप के मोहरे बने मुनीर, अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के लिए किया पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल



**इस्लामाबाद, 22 जून (एजेंसी)।** ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए हमले को लेकर सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। यह दावा खोरसान न्यूज के हवाले किया गया है। हालांकि अभी इस पर पाकिस्तान और अमेरिका की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मगर खोरसान का अगर ये दावा सच है तो इसका मतलब साफ है कि पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मोहरे यानि प्यादे बन गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अभी पिछले हफ्ते ही पाक आर्मी चीफ को लंच पर बुलाया था। इसके बाद पाकिस्तान से जरूरत पड़ने पर उसके एयरबेस और पोर्ट का इस्तेमाल करने के लिए ट्रंप ने मुनीर से हामी भरवाई थी...और अब य दावा किया जा रहा है कि अमेरिका ने पाकिस्तान के एयर स्पेस का इस्तेमाल ईरान पर हमले में किया है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर जो हमला किया, उसमें बंकर बस्टर बम का अहम रोल रहा। ईरान के खिलाफ इजरायल के युद्ध में शामिल होते हुए अमेरिका ने ईरान के फोर्दो परमाणु संवर्धन संयंत्र को तबाह करने के लिए अपने बहुचर्चित ह्यबंकर-बस्टरह्न बम का इस्तेमाल किया। बता दें कि अमेरिका दुनिया का एकमात्र देश है जो सैन्य रूप से घातक इस बम को अत्याधुनिक स्टील्थ बी2 बमवर्षक से गिराने में सक्षम है। ह्यबंकर बस्टरह्न एक व्यापक शब्द है जिसका उपयोग उन बम का वर्णन करने के लिए किया जाता है, जिन्हें विस्फोट से पहले सतह को गहराई तक भेदने के लिए डिजाइन किया गया है। अमेरिकी शस्त्रागार में इस श्रेणी का सबसे आधुनिक बम ह्यजीबीयू-57 ए/बी मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटरह्न है। अमेरिकी वायुसेना के अनुसार यह बंकर बस्टर बम लगभग 13,600 किलोग्राम वजनी है। जो सटीक-निर्देशित बम है और 200 फीट से अधिक गहराई में फौलादी तरीके से बनाए गए बंकर को भेदकर उसके अंदर के ढांचे और सामान को नष्ट करने में सक्षम है। अगर इस श्रेणी के बम को एक के बाद एक गिराया जाए तो प्रत्येक विस्फोट के साथ सतह से गहराई तक भेदने की क्षमता बढ़ती जाती है। यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि रविवार की सुबह हमले में इस श्रेणी के कितने बम का इस्तेमाल किया गया है।

## गुटेरेस ने ईरान के विरूद्ध अमेरिकी हमले पर जतायी चिन्ता

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली, 22 जून (वार्ता)।** संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरान पर अमेरिका की सैन्य कार्रवाई पर चिता व्यक्त करते हुए कहा है कि सभी पक्षों को कूटनीतिक तरीके से शांति के लिए काम करना चाहिए।श्री गुटेरेस ने ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी सेना के हमलों के बाद जारी एक बयान में आशंका जतायी कि इससे संघर्ष और बढ़ने का खतरा है। उन्होंने कहा,'' मैं आज ईरान के खिलाफ अमेरिका द्वारा बल प्रयोग से बहुत चिंतित हूँ। इस कार्रवाई पहले से ही संकटग्रस्त उस क्षेत्र में टकराव में और खतरनाक वृद्धि होगी तथा यह अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक सीधा खतरा है।'' संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि इस संघर्ष के तेजी से नियंत्रण से बाहर होने का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा ''संघर्ष बढ़ा तो नागरिकों, उस क्षेत्र और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं। मैं सदस्य देशों से आहवान करता हूँ कि वे तनाव कम करें और संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अन्य नियमों के तहत अपने दायित्वों को निभाएँ।'' उन्होंने कहा,'' इस खतरनाक समय में, अराजकता के चक्र से बचना महत्वपूर्ण है। इस वर्तमान स्थिति का कोई सैन्य समाधान नहीं है। आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता कूटनीति है।

# फिर कर दिया वन विभाग ने खेल, 52 पेड़ मिले थे कटे, 15 का ही किया मुकदमा दर्ज

**मीरापुर/रामराज, 22 जून (बु.)।** हैदरपुर वेटलैंड के जंगल से 100 से अधिक पेड़ काटे जाने की शिकायत के बाद जब टीम ने मौके पर पहुँचकर जांच की थी, तो टीम को मिट्टी व पत्तों से ढके हुए 52 पेड़ मिले थे, जिनकी कीमत करोड़ों में आंकी गई थी, जिसके बाद टीम ने जांच को बीच में ही रोक दिया था। मामला हाई-प्रोफाइल होने के बाद भी वन विभाग ने उक्त मामले में एक बार फिर खेल कर दिया तथा मामले में लीपा-पोती करते हुए 52 पेड़ के स्थान पर मात्र 7 पेड़ व 8 पेड़ चोरी किए जाने के दो मुकदमें अपने कार्यालय में दर्ज किए हैं। वहीं निलम्बित वन दरोगा के थाने पर तहरीर देने के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं करने पर वनक्षेत्राधिकारी पुलिस के सिर सहयोग नहीं करने का ठीकरा फोड़ रहे हैं। घटना उजागर होने के तीन दिन बाद भी तस्करों के विरुद्ध थाने में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। मुकदमा दर्ज कराने को वन विभाग पुलिस का मुंह ताक रहा है। तीन दिन पूर्व कासमपुर खोला व हैदरपुर वेटलैंड के बीच स्थित जंगल से खैर तस्करी का मामला उजागर होने के बाद से वन विभाग में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। मामले में वन दरोगा रवि कुमार व एक वन रक्षक मोनू के लिप्त पाए जाने पर दोनों को निलंबित भी किया जा चुका है। वन विभाग की टीम खैर तस्करों की तलाश में जुटी, तो तस्करों के एक बड़े गैंग द्वारा घटना कारित किया जाना सामने आया है। वन क्षेत्राधिकारी आरिफ जमाल खान ने बताया कि खैर तस्करी के मामले में दो अलग अलग अभियोग वन विभाग कार्यालय में पंजीकृत किये गए हैं। वहीं मीरापुर थाने में दो नामजद व पांच अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी गई थी, किन्तु पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। उन्होंने पुलिस पर सहयोग नहीं करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने बताया कि कई टीमों को अलग-अलग शहरों में भेजकर दबिश दी जा रही हैं। बता दें कि तस्करों ने हैदरपुर वेटलैंड क्षेत्र के जंगल से खैर के 100 से अधिक पेड़ काटकर यहां से लाखों रुपए कीमत की लकड़ी की तस्करी करके ले गए थे। मामले पर मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा का कहना है कि इस तरह के मामले में वन विभाग में ही मुकदमा पंजीकृत किया जाता है। उक्त मामले में भी वन विभाग द्वारा अपने यहां 8 पेड़ों की चोरी के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है। शेष पेड़ों की चोरी के संबंध में ही वन विभाग में ही अभियोग पंजीकृत किया जाना न्यायोचित होगा। आरिफ जमाल खान, वनक्षेत्राधिकारी, जानसठ रेंज ने बताया कि स्थानीय पुलिस मामले के खुलासे के लिए सहयोग नहीं कर रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने से भी इंकार कर दिया है। खैर, तस्करी की घटना को एक बड़े गैंग ने अंजाम दिया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मलाई चाटने के लिए दागदार को ही बना दिया वन रक्षक

वन विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय गांव के लोगों को वन रक्षक के रूप में नौकरी पर रखा हुआ है। गांव देवल निवासी वन रक्षक मोनू पर कुछ समय पूर्व वन विभाग द्वारा ही मुकदमा दर्ज किया गया था और उसके बाद भी अधिकारियों ने मलाई चाटने के लिए मोनू को स्थायी कर्मचारी रखने की संस्तुति की थी। बता दें कि खैर तस्करी के मामले में उक्त वन रक्षक मोनू भी संलिप्त मिला, तो अधिकारियों ने मोनू को दैनिक वेतनभोगी कहते हुए उसे नौकरी से हटा दिया।

# अब हमारी बारी...ईरान ने अमेरिका को ललकारा

## - क्या खामनेई को भी निशाना बनाएंगे ट्रंप और नेतन्याहू



**वॉशिंगटन, 22 जून (एजेंसी)।** ईरान पर अमेरिका ने हमला कर दिया है और अब सबके जेहन में एक ही सवाल है कि आखिर सुप्रीम लीडर अयतुल्ला अली खामेनेई कहां हैं? क्या अमेरिका का ईरान मिशन पूरा हो चुका है या फिर अब उसका अगला निशाना खामेनेई हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें पता है कि खामेनेई कहां हैं और इसके साथ ही उन्होंने 'बिना शर्त आत्मसमर्पण' करने के लिए कहा था. वहीं दूसरी ओर ईरान ने अमेरिका को ललकार है और कहा है कि 'अब हमारी बारी है'। ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई के प्रमुख सलाहकार ने कहा कि अब अमेरिकी नौसेना के जहाजों पर 'मिसाइल से हमले करने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ऑयल शिपिंग के एक प्रमुख रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की अपील भी की थी। कट्टरपंथी काहान अखबार के चीफ एडिटर होसैन शरियतमदारी ने कहा है, 'फोर्डो न्यूक्लियर प्लांट पर अमेरिका के हमले के बाद, अब हमारी बारी है। यह एक ऐसी चेतावनी है जो माना जा रहा है कि खामेनेई की तरफ से ही अमेरिका को दी गई है। शरियतमदारी ने खुद को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के 'प्रतिनिधि' के तौर पर करार दिया है। काहान के एक टेलीग्राम मैसेज में शरियतमदारी के हवाले से कहा गया है, 'बिना किसी हिचकिचाहट या देरी के, पहले कदम के रूप में हमें बहरीन में स्थित अमेरिकी नौसैनिक बेड़े पर मिसाइल हमले करने चाहिए। साथ ही अमेरिकी, ब्रिटिश, जर्मन और फ्रांसीसी शिपिंग के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर देना चाहिए। ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले पर सर्वोच्च नेता खामेनेई की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। खामेनेई ने कुछ दिनों पहले कहा था कि अमेरिका अगर ईरान-इजरायल संघर्ष में दाखिल हुआ तो वह अपना नुकसान खुद करेगा। अमेरिका को जो हानि होगी वह ईरान को होने वाले किसी भी नुकसान से कहीं ज्यादा होगी. बताया जा रहा है कि खामेनेई इस समय एक बंकर में हैं और उन्होंने अपना उत्तराधिकारी भी चुन लिया है. इजरायल पहले ही कह चुका है जब तक खामेनेई जिंदा हैं तब तब ईरान पर युद्ध नहीं रुक सकता है। अब देखना होगा कि अमेरिका और इजरायल का अगला कदम क्या होने वाला है।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840

(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929

सम्पादक-9412210257

E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## ईरान के परमाणु ठिकाने ध्वस्त

अमेरिका ने कल सवेरे साढ़े चार बजे अपने जीबीयू-57 से ईरान के तीन परमाणु केन्द्रों फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर हमला किया। जीबीयू-57 बम दुनिया का सबसे बड़ा 'बंकर बस्टर' बम कहा जाता है। ये बम सिर्फ़ अमेरिका ही के पास है। सटीक निशाना लगाने वाला करीब 13 हजार 600 किलोग्राम वजन का यह हथियार ही ईरान के भूमिगत परमाणु ठिकाने फोर्दो तक पहुंच सकता है। फोर्दो परमाणु केंद्र एक पहाड़ के अंदर स्थित है। जीबीयू-57 एक 'खतरनाक भेदक हथियार' है, जो गहराई में दबे और मजबूत बंकरों के साथ सुरंगों पर हमला करने की क्षमता रखता है। छह मीटर लंबा यह हथियार विस्फोट करने से पहले सतह से लगभग 61 मीटर नीचे घुसने में सक्षम माना जाता है। इसके जरिए एक के बाद एक कई बम गिराए जा सकते हैं, जिससे हर विस्फोट के साथ बम और गहराई तक ड्रिल कर सकता है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि परमाणु स्थलों पर हमले के बाद अमेरिका ने खुद ईरान के खिलाफ एक खतरनाक युद्ध शुरू कर दिया है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उसके परमाणु स्थलों पर हमलों के नतीजों के लिए अमेरिका पूरी तरह जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि कोई ऐसी लक्ष्मण रेखा नहीं बची, जिसे अमेरिका ने पार न किया हो। इस साल जनवरी के महीने में डोनाल्ड ट्रम्प खुद को 'शांति-दूत' बताकर सत्ता में लौटे थे, लेकिन अब उन्होंने ईरान और इसराइल के बीच जटिल संघर्ष में अमेरिका को शामिल करने का कदम उठाया है। पद संभालने के बाद से ट्रम्प मध्य पूर्व में शांति लाने में सफल नहीं हो पाए हैं। अब वह एक ऐसे क्षेत्र की अगुआई कर रहे हैं, जो और बड़े युद्ध की कगार पर है और इसमें अमेरिका एक सक्रिय भागीदार है। ईरान पर अमेरिकी हमले के सिर्फ़ दो घंटे बाद उन्होंने व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में ट्रम्प ने इस अभियान को एक 'शानदार सफलता' बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनका यह कदम एक स्थायी शांति का रास्ता खोलेगा, जिसमें ईरान के पास परमाणु शक्ति बनने की संभावना नहीं रहेगी। अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ के साथ खड़े होकर ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं छोड़ा, तो भविष्य में होने वाले हमले 'कहीं ज्यादा भयानक और बहुत आसान' होंगे। ट्रम्प ने कहा कि 'कई ठिकाने बचे हैं' और अमेरिका उन पर 'तेजी, सटीकता और कौशल' के साथ हमला करेगा। राष्ट्रपति के इस आत्मविश्वास के बावजूद ईरान में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप जारी रहना अमेरिका, मध्य पूर्व और पूरी दुनिया के लिए सबसे खतरनाक तस्वीर हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी फैसले से संघर्ष बढ़ने पर 'अराजकता का सिलसिला' शुरू हो सकता है, क्योंकि मध्य पूर्व पहले से ही 'तनाव की स्थिति' में है। अगर ईरान ने जवाबी कार्रवाई की, जैसा कि आयतुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिकी हमले की स्थिति में चेतावनी दी थी, तो अमेरिका को भी जवाब देना पड़ सकता है। अमेरिका के हमले के बाद या तो शान्ति हो जाएगी या फिर एक और लम्बा युद्ध शुरू हो जाएगा। इस मामले में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बीच फोन पर बात हुई। कल दोपहर मसूद पेजेशकियन का फोन आया था प्रधानमन्त्री मोदी ने मसूद पेजेशकियन के साथ मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की और चिंता व्यक्त की। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इजरायल और ईरान से तनाव कम करने और आपसी बातचीत की अपील की है। सोनिया गांधी ने एक लेख के जरिए भारत की चुप्पी पर सवाल उठाए थे। प्रधानमन्त्री मोदी ने तत्काल तनाव को कम करने के लिए सभी मामलों को कूटनीति के जरिए सुलझाने और क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा बहाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से यह मानता रहा है कि संवाद और कूटनीति ही किसी भी संकट का समाधान है। पीएम मोदी की मसूद पेजेशकियन के साथ बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिका की ओर से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर किए गए बमबारी के बाद पूरी दुनिया की नजर मिडिल ईस्ट के हालातों पर टिकी हुई है। ब्रिटेन के प्रधानमन्त्री किएर स्टार्मर ने अपने बयान में कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। ईरान को कभी भी परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती और अमेरिका ने इस खतरे को कम करने के लिए ये कदम उठाया है। मध्य पूर्व में स्थिति अभी भी बहुत संवेदनशील है और उस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना ही प्राथमिकता है। किएर स्टार्मर ने ईरान से फिर से परमाणु समझौते को लेकर बातचीत शुरू करने की अपील की है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने जानकारी दी है कि ईरान के तीनों परमाणु ठिकानों के पास के इलाकों में रेडिएशन का स्तर नहीं बढ़ा है। अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए अमेरिकी हमलों की निंदा की है। कांग्रेस सदस्य अलेक्जेंड्रिया ओकासिओ-कोरटेज ने कहा कि ये संविधान और कांग्रेस के युद्ध संबंधी अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है और इससे ट्रम्प पर महाभियोग का आधार बनता है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उन्होंने जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाया है, जिससे ऐसा युद्ध शुरू हो सकता है, जो हमें बहुत लंबे समय तक फंसा सकता है। कांग्रेस सदस्य रशीदा तालिब ने भी इन हमलों की निंदा की है। उन्होंने इन हमलों को अमेरिकी संविधान का घोर उल्लंघन बताया और इसमें कांग्रेस से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि कैसे 'विनाश के हथियारों' के झूठे दावों पर मध्य पूर्व में दशकों तक चला अंतहीन युद्ध हमें कहां ले जाता है। हम अब फिर से उस झांसे में नहीं आएंगे। इन सब खबरों के बीच एक खबर यह भी है कि ईरान ने अमेरिकी हमले से पहले ही यूरेनियम कहीं और शिफ्ट कर दिया था। इस खबर को पुख्ता भी नहीं कहा जा सकता। इजराइल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने अमेरिका के ईरान पर किए गए हमले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के बयान अमेरिका और इजराइल के बीच गहरे और साहसी रिश्तों को दिखाते हैं। हालांकि, हर्जोग ने चेतावनी दी कि अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। आने वाले दिन और ज्यादा मुश्किल हो सकते हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'नेता' 'दिल' 'बात' 'एक्स'

एक नेता से कहा चमचों ने नेता जी!सुनो,
अपने दिल की बात कीजे रोज अपने एक्स पर।
अब जमाना एक्स का है, एक्स को अपनाइये,
लम्बी-लम्बी छोड़िये और डाल दीजे एक्स पर।

श्रद्धांजलि सभा व रस्म पगड़ी

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।



मान्यवर,
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूजनीय पिताजी **श्री सुमन कुमार सिंघल** पुत्र स्व० श्री ऋषिपाल सिंघल जी अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके, 12 जून 2025, दिन- बृहस्पतिवार को प्रभु के श्री चरणों में विलीन हो गए। जिनकी रस्म पगड़ी दिनांक 23 जून, 2025 दिन- सोमवार को होनी निश्चित हुई है।

सोमवार, 23 जून 2025

हवन (निज निवास) प्रातः 9:00 बजे
ब्रह्मभोज प्रातः 11:00 बजे
रस्म पगड़ी अपराह्न 02:00 बजे

स्थान:-अग्रसैन भवन, ए टू जेड रोड, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश-251001

-: शोकाकुल परिवार :-
आलोक सिंघल (पुत्र)
प्रमोद सिंघल (चाचाजी)
मयंक सिंघल (भतीजा)
सुनील सिंघल, अनुज सिंघल (भाई)
ओम सिंघल, कहान सिंघल (पौत्रगण)
अनिल सिंघल (भाई)
एवं समस्त सिंघल परिवार

-: सम्पर्क सूत्र:-
M.:9035407530, 7506736006

## पेट्रोल पम्प से हजारों का पेट्रोल भराकर कार सवार युवक कार लेकर फरार हुए

**मीरापुर, 22 जून (बुस.)।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पम्प पर पहुँचे कार सवार युवक कार की टंकी फुल कराकर बिना पैसे दिए ही फरार हो गए। पेट्रोल पंप पर तैनात सेल्समैनों ने काफी दूर तक कार का पीछा किया, किन्तु कार सवार युवक फरार हो गए। गांव सम्भलेहड़ा निवासी रोहित पुत्र नरेन्द्र दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर सिखरेड़ा के समीप स्थित एचपी पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन है। रोहित ने मीरापुर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार की देर रात्रि वह चौकीदार अंकित व सवित पाल के साथ ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान एक ग्रेंड विटारा कार डीएल7सीडब्ल्यू-8732 में सवार होकर तीन युवक वहाँ आये और 3700 रुपये का पेट्रोल भरवाया तथा बिना पैसे दिए ही कार लेकर फरार हो गए। सेल्समैनों ने काफी दूर तक उनका पीछा किया, किन्तु आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## एनसीआर में शामिल होने से कबाड़ हो गये करीब 2.13 लाख वाहन

### - 15 वर्ष पुराने वाहनों के चलने पर प्रतिबन्ध - 1,36,254 पैट्रोल वाहन व 77,142 डीजल वाहन शामिल





**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर जिले के एनसीआर में शामिल होने से परिणाम सामने आने लगे हैं, भले ही जनपद को एनसीआर में आने का कोई बड़ा लाभ अभी न मिला हो, लेकिन इसकी जद में सड़कों से हाइवे तक दौड़ने वाले करीब 2.13 लाख वाहन अब सड़कों पर नहीं दौड़ सकेंगे। इन तमाम वाहनों के परिवहन विभाग ने संचालन पर रोक लगा दी है। इसकी जद में जनपद में डीजल के दस साल और पेट्रोल के 15 साल पुराने 2 लाख 13 हजार 396 वाहनों का संचालन अब प्रतिबंधित हो गया है। परिवहन विभाग की ओर से इन तमाम वाहनों की मियाद पूरी हो गई है। ऐसे तमाम वाहनों का संचालन बंद कराने के लिए अब परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को नोटिस जारी किए है। जी हां, यही है एनसीआर क्षेत्र में मुजफ्फरनगर जिले के शामिल होने के बाद का वास्तविक सच। परिवहन विभाग के अनुसार जिले में डीजल के दस साल और पेट्रोल के 15 वर्ष पुराने वाहनों के भविष्य में संचालन पर प्रतिबंध है। उनका तर्क है कि ऐसे तमाम वाहनों के संचालन से एनसीआर क्षेत्र में पर्यावरण दूषित होता है। परिवहन विभाग द्वारा चिन्हित किए वाहनों में जनपद में करीब 2 लाख 13 हजार 396 वाहनों को चिन्हित किया है, जिनकी मियाद पूरी हो गई है। इन वाहनों में डीजल के 10 वर्ष पुराने 77,142 वाहन व पेट्रोल के 15 वर्ष पुराने कुल 1,36,254 वाहन शामिल किए गए हैं। इन वाहनों के संचालन एनसीआर क्षेत्र में प्रतिबंधित हो गया है। एआरटीओ प्रशासन ने इन वाहनों का संचालन को बंद कराने के लिए संबंधित वाहन स्वामी के पास नोटिस भेजा है। ऐसे में भविष्य में ऐसे तमाम वाहन कबाड़ बन गए हैं, जिनका पुलिस या परिवहन विभाग की जद में आ जाने पर चालान निश्चित है, इससे इंकार ही नहीं किया जा सकता। उधर इस सम्बन्ध में एआरटीओ प्रशासन अजय मिश्रा ने बताया कि जनपद में करीब 2.13 लाख वाहनों का निर्धारित समय पूर्ण हो गया है। इन वाहनों की मियाद खत्म हो जाने के साथ ही भविष्य में इनके संचालन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन चिन्हित वाहनों में 10 वर्ष पुराने डीजल के 77,142 वाहन और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल के 1,36.254 वाहन शामिल हैं। उक्त तमाम वाहन स्वामियों को इस संबंध में नोटिस जारी किए गए हैं, ताकि वाहन स्वामी समय रहते व्यवस्था कर सकें।





## झलकारी बाई कोरी एकता मंच ने दिया मेधावियों को सम्मान

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** रविवार को वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंच के बैनर तले रुड़की रोड स्थित बैंकटहाल में कोरी भुइयार समाज का प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कोरी समाज के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त नौकरियां प्राप्त करने वाले युवाओं का भी सम्मान किया गया। इस दौरान कोरी भुइयार समाज को सम्मानित करने वाले बुजुर्गों को समाज की ओर से पगड़ी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओम कुमार अपर जिला जज, मयंक वर्मा डिप्टी कमिश्नर के अलावा बालक राम बसिया पीसीएम, ब्रह्म सिंह एड, संगीता एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं आरके वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी नई दिल्ली ने प्रतिभाग किया। अपर जिला जज ओम कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के लिए शिक्षा अति आवश्यक है, ऐसे में समाज के बच्चों को अधिक से अधिक मेहनत करके पढ़ना चाहिए एवं उच्च पदों को प्राप्त करना चाहिए, जिससे समाज की उन्नति हो एवं समाज एक शिक्षित एवं संगठित समाज के रूप में विद्यमान हो सके। मयंक वर्मा ने उपरोक्त बच्चों को कोरी भुइयार समाज का भविष्य बताते हुए उनके आगामी पढ़ाई में हर प्रकार की मदद करने का भरोसा दिया तथा अपेक्षा की कि सभी बच्चे समाज में अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर, आगरा, मथुरा, शामली, मेरठ, बिजनौर, बागपत, सहारनपुर और दिल्ली आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन मोहित कोरी एड. व अध्यक्षता मदन पाल कोरी ने की। इस दौरान जितेंद्र कोरी, धर्मेन्द्र कोरी, रजनीश, वेदपाल, रोहित कोरी आदि उपस्थित रहे।

## बाइक व कार की भिंड़त में दो लोग गम्भीर रूप से घायल



**चरथावल, 22 जून (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम अमीगढ़ के निकट सीएनजी पम्प के सामने बाइक और कार की अचानक हुई जोरदार भिंड़त में दो लोग घायल हो गये। हादसे में कार व बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी भिजवाया। हालत गम्भीर देखते हुए दोनों घायलों को चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। चरथावल क्षेत्र में रविवार की दोपहर मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग पर स्थित सीएनजी पम्प के सामने अचानक बाइक व कार की टक्कर हो गयी। इस सड़क हादसे में बाइक सवार खुशवंत निवासी ग्राम दधेड़ू थाना चरथावल व कार चालक उस्मान ग्राम चौसाना थाना झिंझाना घायल हो गया। बाइक सवार ने सिर पर हेलमेट नहीं लगा रखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, लेकिन हालत गम्भीर होने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है।

## बारिश के बीच किया काऊ सेंचुरी में माननीयों ने वृक्षारोपण

### - माननीयों की मौजूदगी में पौधों के संरक्षण का लिया संकल्प



**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** जिले के तुगलकपुर कम्हेड़ा गांव में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर पीएम नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट काऊ सेंचुरी में रविवार को मानसून की पहली बारिश के साथ वृक्षारोपण किया गया। इस विशेष वृक्षारोपण एवं वाटिका स्थापना कार्यक्रम में समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण की पवित्र भावना से प्रेरित तमाम लोगों ने मां के नाम एक पेड़ लगा कर उसका संरक्षण करने की भी प्रेरणा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, महिला आयोग की सदस्या सपना कश्यप, पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल एवं काऊ सेंचुरी ट्रस्ट के अध्यक्ष कुश पुरी समेत अन्य पदाधिकारी व अन्य लोगों ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.संजीव बालियान ने बताया कि मानसून की पहली बारिश के साथ काऊ सेंचुरी में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें इस वर्ष 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है और उन्हें केवल लगाने का ही नहीं उनकी देखभाल व संरक्षित करने के लिए भी व्यवस्था बनाई गई है । उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण तो हर वर्ष प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और तमाम लोग करते ही हैं, मगर उन वृक्षों की देखरेख की व्यवस्था नहीं हो पाती। ऐसे में हमने अगले तीन से चार वर्षों तक इन पौधों की परवरिश करने की भी जिम्मेदारी ली है। कार्यक्रम में नीम, बकान, अमरूद व पीपल आदि स्थानीय प्रजाति के वृक्ष लगाये गए हैं। इसके साथ सुसज्जित वाटिका की नींव भी रखी गई, जिसमें पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के साथ बोर्ड एवं शिक्षाप्रद संदेशों की व्यवस्था होगी। इस कार्यक्रम में मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार वास्तव में आज भी हमें देशसेवा, राष्ट्रहित व आत्मनिर्भरता में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। आज का वृक्षारोपण कार्यक्रम उनके सद्विचारों को धरातल पर उतारने की एक छोटी सी परंतु महत्वपूर्ण पहल है।

## परिवार संग कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठा योगेन्द्र नगर का परिवार

### - नगर मजिस्ट्रेट के आश्वासन पर लौटा गांव, लगाई न्याय की गुहार



**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** रविवार को अवकाश के बावजूद कलेक्ट्रेट में परिवार संग डेरा डाल धरने पर बैठे योगेन्द्र नगर सिकरी निवासी व्यक्ति ने सरकारी योजना में हो रहे खेल को उजागर करते हुए स्थानीय बीडीओ मोरना के साथ सचिव ग्राम पंचायत सिकरी को सस्पेंड कराने की मांग की। कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी कि जब तक दोषियों पर कार्यवाही नहीं होती, वह गांव में नहीं जाएगा। हालांकि बाद में नगर मजिस्ट्रेट के आश्वासन के बाद परिवार गांव को वापस लौट गया। रविवार को कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे योगेन्द्र नगर के पीड़ितों ने आरोप लगाते हुए बताया कि वर्ष 2017-18 में बनी प्रधानमंत्री आवास योजना सूची बीडीओ को पात्र व्यक्तियों की प्राप्त करायी थी, जिसमें ग्राम प्रधान, बीडीओ व सचिव ने उक्त सूची को बाद में जाति के आधार पर एक ही समाज के लोगों की बना कर शासन को दी, जो कि गलत है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत सिकरी ब्लॉक मोरना में विभिन्न प्रकार से भ्रष्टाचार व्यापक रूप से फैले हुए हैं और वहां पर विधवा, वृद्ध और युवाओं को हर सरकारी योजना से वंचित रखा जा रहा है जिसके जिम्मेदार ग्राम प्रधान सिकरी, बीडीओ और ग्राम सचिव हैं। पीड़ित परिवार ने उक्त मामले में जांच कराए जाने की मांग करते हुए पात्रों को तमाम योजनाओं का लाभ दिलाए जाने की मांग की। साथ ही वर्ष 2017 की सूची का निरीक्षण करते हुए अपात्रों के आवास निरस्त करने के साथ मनरेगा जॉब कार्ड में पूर्व में हुई धांधली की जांच करते हुए पात्रों को न्याय दिलाने की मांग की। साथ ही ग्राम पंचायत सिकरी का निरीक्षण करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## मंत्री कपिल देव ने गिनाई केन्द्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धि

### - भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का जनसंवाद कार्यक्रम संपन्न



**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** नगर के आबकारी मौहल्ला स्थित भगवान वाल्मीकि धर्मशाला में अनुसूचित मोर्चा द्वारा एक विशेष जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल रहे 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों में भारत ने केवल योजनाओं की घोषणा नहीं की, अपितु उन्हें जमीनी हकीकत में बदलकर आमजन के जीवन को बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में देश का आत्म विश्वास बढ़ने के साथ वैश्विक पहचान बदली है और देश के गरीब व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंची है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना व विकास, सामाजिक सुरक्षा और वैश्विक प्रभाव जैसे क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। गरीबों के खातों में सीधा पैसा पहुँचना, हर घर शौचालय एवं उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति और हर गांव तक सड़क व इंटरनेट की पहुंच जैसे कार्यों ने जनता के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं।

मंत्री कपिल देव ने अनुसूचित समाज के लिए विशेष रूप से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पीएम आवास योजना, स्वनिधि योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, अंबेडकर सामाजिक नवाचार मिशन जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान व अवसर दिया है। अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सागर एवं महामंत्री अमित सुधा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष दीपक. मित्तल, महामंत्री राधे वर्मा, भाजपा नेता विशाल गर्ग, सभासद मनोज वर्मा, मोहित मलिक, प्रशांत चौधरी, शलभ गर्ग, अनुज, मनु प्रिय मजदूर, आशुतोष, सुधीर, विवेक चौहान, प्रेम सुधा, नितिन, प्रमोद, अनिल नामदेव आदि उपस्थित रहे।

आवश्यकता है
सरोज मेमोरियल होम्यो हॉस्पिटल
89, सब्जी मंडी, भगत सिंह रोड, मुजफ्फरनगर को,
पुरुष या महिला की, जो
घरेलू कार्यों के साथ हॉस्पिटल के कार्य भी देख सके।
समय:- सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
सायं 4 बजे से 8 बजे तक
सम्पर्क करें- विकास गोयल (प्रबंधक)
9897029636, 9411815884, 8791857456

## महिला समूह को लोन देने वाली कंपनी का कर्मचारी पेमेंट लेकर फरार, मुकदमा दर्ज



**चरथावल, 22 जून (बु.)।** चैतन्या इंडिया फिन क्रेडिट कंपनी का कर्मचारी महिला समूह से लोन रिकवरी की 62100 रकम लेकर फरार हो गया। चरथावल पुलिस ने एसएसपी के आदेश के बाद कर्मचारी के विरुद्ध अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू की है। चरथावल में चैतन्या इंडिया फिन क्रेडिट कंपनी का कर्मचारी अमीर खान पिछले माह 14 मई को ऑफिस से खुशरोपुर लडवा अमीरनगर आदि गांव में महिला समूह से लोन की रिकवरी को गया था। यूनिट मैनेजर सुनील कुमार ने एसएसपी मुजफ्फरनगर को शिकायती प्रार्थना-पत्र देते हुए आरोप लगाया कि कैराना निवासी अमीर खान जो कंपनी का रिकवरी एजेंट था वह 62100 रुपए इकट्ठा कर फरार हो गया है। उक्त कर्मचारी ने पैसे कंपनी के ऑफिस में जमा नहीं कराए हैं। तितावी थाने में दरख्वास्त के बाद भी कार्यवाही नहीं की गई है। चरथावल थाने में एसएसपी के आदेश पर आरोपी अमीर खान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## श्रमणाचार्य श्री 108 विमर्शसागर जी महामुनिराज(37) पीछी का मुनीम कालोनी श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश



**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बुस.)।** रविवार को आचार्य श्री विमर्शसागर जी गुरुदेव ३७ पीछी का आज सुबह ६ बजे मंगल भव्य प्रवेश हुआ। रास्ते में जगह-जगह गुरूजी का पाद प्रक्षालन हुआ, जिसमें अशोक जैन, साधना, रुपाली, अमित जैन, पीऊ जैन, रिया जैन आदि का पाद प्रक्षालन एवं गुरुवर की आरती का कार्यक्रम विशेष उल्लेखनीय रहा। प्रथम अभिषेक एवं शान्ति धारा (बोली द्वारा) शीतल जैन सी. ए द्वारा की गई। चित्र अनावरण, मदन लाल, मनोज जैन, विपिन जैन, विकास जैन, गद्देवाले एवं संजय जैन, हर्षित जैन द्वारा किया गया। दीप प्रज्ज्वलित विरेन्द्र जैन, विपिन जैन शाहपुर वाले एवं दीपक जैन, पीयूष जैन अलवर वाले द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट सुमन जैन सतीश जैन हाईडिल वालों द्वारा किया गया। गुरू पूजा सचिन जैन, सूर्यांश, सौरभ जैन द्वारा की गई। महाआरती विभोर जैन, अतुल जैन, पारस जैन कवाल वाले एवं अरुण जैन बिहारी, प्रिंस जैन बिहारी वालों के द्वारा की गई। आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन भी शीतल जैन सी. ए. ने किया। फिर आचार्यश्री के मंगल प्रवचन हुए। अपने सम्बोधन में आचार्यश्री ने बताया कि किसी कार्यक्रम के दौरान अचानक बाधा आना, व्यवधान आना पुराने कर्मों का परिणाम होता है, लेकिन मुनीम कालोनी वालों ने इसका डटकर सामना किया और वह बाधा दूर हो गई। यह कालोनी मुनीम कालोनी भी मुनियों के आने आज मुनी कालोनी हो गई। इस सभा में अशोक जैन पी.एन.बी., शीतल जैन, प्रवीण जैन, जितेन्द्र जैन टोनी, संजय जैन, अखिलेश जैन मंदिर के मन्त्री, अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रेम चन्द्र, विरेन्द्र जैन, सतीश जैन, विभोर जैन, अतुल जैन, सचिन बजाज, प्रमोद जैन, स्वदेश जैन दीपक जैन, नवनीत जैन, मनीश जैन, साधना जैन, रुपाली जैन, सुमन जैन, रेणु जैन, डिम्पल जैन, शिल्पी जैन, नितेश जैन, सुनील जैन, अजय जैन,उमा जैन, संजय जैन, नितिन जैन, अमित जैन, शैला जैन, सतपाल जैन, अनुज जैन आदि उपस्थित रहे।

## गांव से पलायन करने की दी धमकी, वीडियो प्रसारित

**सिखेड़ा, 22 जून (बु.)।** गांव सिखेड़ा के रहने वाले यूसुफ ने अपने परिवार के साथ गांव से पलायन करने की धमकी दी है। उसने मोबाइल फोन से वीडियो बनवाकर पलायन करने की धमकी देने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया है। उसने आरोप लगाया है कि सिखेड़ा थाने के पुलिसकर्मी व जानसठ तहसील के स्टाफ ने मुकदमा वापस नहीं लेने पर उसकी ट्रक से कुचलवा कर हत्या कराने की धमकी दी है। गांव सिखेड़ा निवासी यूसुफ का गांव के रहने वाले लोगों से कई माह से सड़क पर खोखा रखकर अतिक्रमण करने को लेकर विवाद चल रहा था। लगभग एक माह पूर्व एसडीएम के आदेश पर पुलिस और तहसील कर्मियों ने यूसुफ के खोखे को हटवा दिया था। इसका वाद एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है। यूसुफ ने खुद ही मोबाइल फोन से गांव तथा जिले से परिवार के लोगों के साथ पलायन करने की धमकी भरा वीडियो बनवाया। वीडियो में यूसुफ ने सिखेड़ा पुलिस और तहसील स्टाफ पर आरोप लगाया कि वे मुकदमा वापस नहीं लेने पर उसे ट्रक से कुचलवा कर हत्या करने की धमकी दे रहे हैं। यूसुफ ने पलायन करने की धमकी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया है। इस संबंध सिखेड़ा थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह का कहना है कि यूसुफ का आरोप गलत है। वह शातिर किस्म का व्यक्ति है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करना चाहता है। उसने दोबारा से सड़क पर उसी जगह जहां से खोखा हटवाया था, वहीं ठेली लगा ली है। ठेली की जगह दोबारा से खोखा रखकर अतिक्रमण करने के लिए दबाव बना रहा है। उसको किसी ने कोई धमकी नहीं दी है।

## बरसात से मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से राहत



**जानसठ, 22 जून (बु.)।** क्षेत्र में मौसम ने करवट बदल ली। सुबह को आसमान में बादल छा गए। अचानक से बरसात होने से मौसम सुहावना हो गया। बरसात होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। रविवार की सुबह लगभग आठ बजे मौसम अचानक से खराब हो गया। मौसम खराब होने से आसमान में घने काले बादल छा गए और देखते ही देखते बरसात शुरू हो गई। बरसात होने से क्षेत्र में मौसम सुहावना हो गया। बरसात के कारण पिछले कई दिनों से हो रही गर्मी से जहां क्षेत्र के लोगों ने राहत महसूस की है, वहीं फसल को भी काफी लाभ पहुंचा है। गर्मी अधिक होने के कारण किसान सिंचाई करने में व्यस्त थे, जिसमें किसानों का समय और पैसा दोनों लग रहे थे। आज सुबह बरसात होने से किसान की फसलों को काफी लाभ पहुंचा है, जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे। क्षेत्र के गांव कवाल, पिमौड़ा, वाजिदपुर कवाली व सलारपुर के रामकुमार, रामवीर, विजेंद्र कुमार, संचित प्रधान, सुरेंद्र कुमार, गुड्डन, दीपक कुमार, सुमित कुमार आदि किसानों ने बताया कि इस वर्षा से कई दिनों से हो रही गर्मी से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत पहुंची है। साथ ही किसानों की फसल गर्मी के कारण सूख रही थी। बरसात होने से फसलों को भी काफी लाभ पहुंचा है।

# झमाझम बारिश से राहत, जलभराव बना आफत












▶▶ मात्र आधे घंटे की बारिश से शहर हुआ जलमग्न, लोग बेहाल
▶▶ सड़कों व बाजारों के साथ गली-मौहल्लों में भरा रहा पानी
▶▶ बारिश बंद होने के कुछ समय बाद पानी उतरने से मिली राहत
▶▶ किसानों को राहत के साथ फसल गिरने से हुई बड़ी हानि
▶▶ बाजारों में दुकानों के बाहर पॉलिथीन बनी परेशानी का सबब
▶▶ मौसम विभाग ने किया 13.6 एमएम बारिश होने का दावा

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** मौसम के बदले मिजाज के बीच में मानसून ने दिल्ली-एनसीआर के साथ उत्तर भारत समेत प्रदेश में अपनी पूरी शक्ति दिखानी शुरू कर दी है। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके साथ ही, राज्य के करीब सभी हिस्सों में गरज-चमक के साथ मध्यम से भारी वर्षा व 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से इस दौरान तूफानी हवाएं चलने का अनुमान है। यह मौसमी बदलाव एक ओर जहां तपती गर्मी से राहत देगा, वहीं दूसरी ओर लोगों को सतर्क रहने की भी जरुरत है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच रविवार सुबह प्रदेश के अधिकांश जनपदों के साथ जनपद मुजफ्फरनगर के ग्रामीण अंचलों के साथ नगर मुख्यालय पर हुई झमाझम बारिश ने मौसम में राहत का अहसास करा दिया। करीब आधा घंटे की इस बारिश ने नगर के मुख्य बाजारों के साथ गली-मौहल्लों व सड़कों को जलमग्न कर दिया, वहीं शहर की निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करने को विवश होना पड़ा। वहीं घरों से जरुरी कार्यों को निकले वाहन चालकों को शिवचौक के साथ मुख्य सड़कों पर जलभराव के कारण भारी दिक्कतों से रूबरू होना पड़ा। इस दौरान बड़ी संख्या में दुपहिया वाहन बंद हो जाने से लोगों को भारी परेशानी उठाने को विवश होते देखा गया। कहना गलत नहीं होगा कि रविवार को इस मौसम की पहली बारिश ने रविवार को नगरीय क्षेत्र को पानी-पानी कर दिया। इसके चलते जहां कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस का दंश झेल रहे लोगों को राहत की बारिश ने सकून देने का काम किया, वहीं नगरीय क्षेत्र के मुख्य बाजारों से सड़कों पर ही नहीं अपितु गली-मौहल्लों में हर ओर जलभराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। हालांकि शिवचौक समेत अन्य बाजारों में बारिश के कुछ समय बाद पानी के उतरने का क्रम शुरू हो जाने से जलभराव की समस्या से राहत मिली, लेकिन गली-मौहल्लों से बाजारों तक व्यापारियों एवं आमजन के साथ सफाई कर्मचारियों की तमाम गैर जिम्मेदारियों का नमूना सड़कों से बाजारों और गली-मौहल्लों तक दिखाई दिया। इस बीच विभिन्न खाद्य सामग्री एवं बिक्री के दौरान सामान से निकलने वाली पन्नी, पॉलिथीन और थर्माकोल, बाजारों और सड़कों में सड़कों पर इधर से उधर पानी के ऊपर तैरते हुए दिखाई दिए, जिन्हें बारिश बन्द हो जाने के बाद व्यापारियों व आमजन को अपने प्रतिष्ठानों और घरों से हटाने के लिए पसीने छूटे रहे। इसके साथ निचली बस्तियों में जलभराव के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच साकेत, ब्रह्मपुरी, इंदिरा कॉलोनी, आर्यपुरी, रामपुरी के साथ निचली बस्तियों में शुमार रामपुरी दक्षिणी, एकता बिहार, महमूद नगर, प्रेमपुरी, सरवट, खालापार समेत अन्य क्षेत्रों में पानी भर जाने से घंटों तक परेशान होते देखा गया। उधर, ग्रामीण अंचलों में राहत की बारिश से जहां किसानों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ गई, वहीं खेतों में खड़ी मक्का की फसल को इस बारिश से भारी नुकसान हुआ। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से मक्का की फसल बर्बाद हो जाने से किसानों के चेहरों पर मायूसी दिखाई दी। मौसम विभाग के जारी आंकड़ों में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के साथ 13.6 एमएम बारिश दर्ज हुई, जबकि यह आंकड़ा इससे भी कहीं अधिक हो सकता है।

### जलभराव तो हुआ मगर आधे घंटे में ही उतर गया पानी

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** रविवार को दिन निकलते ही झमाझम बारिश से एक ओर जहां गर्मी से राहत मिलती दिखाई दी वहीं एक बार के लिए जलभराव से सड़कों पर आफत दिखी मगर जब उक्त मामले में दुकानदारों से बात की गयी तो न्यू एसडी कॉलज के बाहर के दुकानदारों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही नालों की सफाई कराई गयी थी, जिस कारण जलभराव तो हुआ मगर ठीक आधा घंटे के अंदर सड़कों से पानी उतर गया और दुकानों के अंदर पानी नहीं घुस पाया। मामूली पानी आया भी तो उसका समाधान भी हल्की-फुल्की साफ सफाई करके कर लिया गया। आपको बता दें कि पिछले कई वर्षों से जब शिवचौक के आसपास जलभराव होता था, तो घंटों इस जलभराव में लोग फंसे रहते थे। मगर कुछ वर्षों से शिवचौक के आसपास के हालात सुधरे हैं और जलभराव होने के बाद जल्द ही पानी उतर जाता है।

### बरसात के दिनों में रखें ध्यान नालों में पन्नी और थर्माकॉल के गिलास न फेंके

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** जब भी जलभराव की स्थिति होती है तब हम सब मिलकर नगर पालिका को जमकर कोसते हैं, कि नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई नहीं कराई गयी, मगर इससे अलग हम सब लोगों का भी एक फर्ज बनता है कि जब भी हम पॉलीथीन में कोई सामान निकालते हैं उसे मोड़ते हैं और नाली या नालों में फेंकने वाले भी हम ही होते हैं। इसी तरह दुकानों पर थर्माकॉल के गिलास में चाय पीने के बाद उन्हें भी नालों में फेंक दिया जाता है। जो नालों की जल निकासी रोकने का काम करता है। ऐसे में कम से कम जब बरसात हो तो अपने बचाव के लिए इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि हम सब लोग नालों में पन्नियां व थर्माकॉल के गिलास न फें-के। इसके अलावा ट्रांसपेरेंट प्लास्टिक के गिलास भी नालों की जल निकासी में रुकावट करते हैं। अधिकांश गर्मी के के चिलचिलाते मौसम में स्टॉल लगाकर शरबत बांटने वाले धार्मिक संगठन भी इन गिलासों का प्रयोग न करें तो बेहतर होगा।






## बझेड़ी फाटक पर जलभराव से बेहाल हुए क्षेत्र के लोग

### ईओ ने पम्प लगाकर निकाला अंडरपास से पानी, मिली राहत

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** रविवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद शहरी क्षेत्र में कई क्षेत्रों में हुए जलभराव से लोगों का बुरा हाल रहा। इस बीच कांवड़ मार्ग मदीना चौक से बझेड़ी के बीच जलभराव हो गया। कांवड़ मार्ग पर हुए जलभराव की सूचना मिलने पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने मौके पर पम्प भेजकर पानी की निकासी कराई, तब जाकर अंडर पास से पानी की समस्या समाप्त हो सकी। कांवड़ यात्रा के दौरान पालिका द्वारा यहां पुख्ता इंतजाम कराए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में करीब 80 नाले हैं, जिनकी सफाई करने का नगर पालिका प्रशासन द्वारा दावा किया गया है, वहीं नाला सफाई पर पालिका द्वारा लाखों रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन फिर भी शहर के नालों से पानी निकासी काफी प्रभावित रही है। नगरीय क्षेत्र के विभिन्न मौहल्लों, मार्किट व गली-मौहल्लों में जलभराव की समस्या रही। हालांकि कुछ समय के बाद उक्त स्थानों से पानी की निकासी होने के साथ जलभराव समस्या खत्म हो गई, लेकिन कांवड़ मार्ग मदीना चौक से बझेड़ी फाटक के अंडरपास में भयंकर जलभराव की स्थिति पैदा हो जाने के चलते यहां पर पानी की निकासी प्रभावित रही। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पालिका ईओ को दी। इस बीच ईओ ने पम्प की व्यवस्था कराते हुए यहां पानी की निकासी कराई, तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।



### सेना प्रमुख ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, तैयारियों का किया आकलन

**श्रीनगर, 22 जून (वार्ता)** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का आकलन किया। सेना के सूत्रों ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने कश्मीर दौरे के दौरान सुरक्षा हालात, ऑपरेशनल स्थिति और रणनीतिक पहलुओं की जानकारी ली। आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर एक प्रदर्शन भी किया गया। अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) के मुताबिक, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (सीओएएस) ने कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और आगामी श्री अमरनाथ यात्रा 2025 की तैयारियों का जायजा लिया।

### शाकुम्भरी देवी तीर्थस्थल पर भारी बारिश से आयी बाढ़

**सहारनपुर, 22 जून (एजेंसी)।** शाकुंभरी देवी तीर्थ स्थल पर भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से अफरा-तफरी मच गई। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पानी भर गया, जिससे भक्तों और दुकानदारों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। कई मार्गों पर यातायात बाधित हो गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में लगातार बारिश के कारण, शाकुंभरी देवी मंदिर परिसर में अचानक पानी भर गया, जैसा कि बताया है कि मंदिर परिसर में पानी घुसने से भक्तों और दुकानदारों में दहशत फैल गई। कई गांवों का संपर्क टूट गया, यातायात बाधित हुआ और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा, पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर कई लोगों को बचाया। मंदिर परिसर और आसपास के बाजार जलमग्न हो गए, जिससे श्रद्धालुओं को बिना दर्शन किए लौटना पड़ा।

### बस से बाहर झांक रहा था बच्चा, पिकअप ने मारी टक्कर, धड़ से अलग हो गया सिर

**हाथरस, 22 जून (एजेंसी)।** हाथरस में रविवार को दो चचेरे भाइयों की शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब बारात में शामिल 11 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। बच्चा बस की खिड़की से सिर बाहर निकालकर अपने पिता को देख रहा था, तभी तेज रफ्तार पिकअप उसके सिर से टकरा गई। इस हादसे में उसका सिर, धड़ से अलग होकर सड़क पर जा गिरा। अलीगढ़ के कोतवाली नगर क्षेत्र के मखदूमनगर निवासी शहाबुद्दीन, बाबू खां और आस मोहम्मद आपस में भाई हैं। रविवार को शहाबुद्दीन के बेटे साहिल और बाबू खां के बेटे दानिश की बारात हाथरस के मोहरी गांव जा रही थी। दो भाइयों के बेटों की शादी एक ही घर में तय थी, जिससे परिवार में उत्साह का माहौल था। बारातियों से भरी बस हाथरस जंक्शन क्षेत्र के केलोरा चौराहे के पास पहुंची थी। बस में आस मोहम्मद का 11 वर्षीय बेटा अली भी अकेला बैठा था। इसी दौरान आस मोहम्मद उतरकर बस को संकरी सड़क से पार करवा रहे थे। अली ने खिड़की से सिर निकालकर अपने पिता को देखने की कोशिश की, तभी तेज रफ्तार से गुजरती पिकअप उसके सिर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अली का सिर धड़ से अलग होकर सड़क पर जा गिरा, जबकि धड़ बस में ही रह गया।

## कृषि विभाग टीम ने छापेमारी में पकड़ा नकली कीटनाशक, पोटाश जिंक का भारी जखीरा

▶▶ ब्रांडेड कंपनी के पैकेज में कर रहे थे नकली बैग पैकिंग ▶▶ नमक व गेरू से तैयार कर रहे थे पोटाश व मक्का का बीज ▶▶ गोदाम किया सील, दोषियों पर एफआईआर की तैयारी तेज

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** कृषि विभाग की जनपद में शुरू छापेमारी के बीच रविवार को टीम ने नकली कीटनाशक के साथ ही नकली पोटाश व नकली जिंक ब्रांडेड पैकिंग में इफ्को आईपीएल जुबिलेंट एवं दयाल जैसी कंपनी की पैकिंग में बड़ा जखीरा पकड़ा है। उक्त प्रतिष्ठान पर हापुड़ से बड़ी संख्या में पैकिंग बैग मंगाकर यह कारोबार किया जा रहा था। विभागीय अधिकारियों ने दावा किया है कि इन पैकिंग बैगों में नमक व गेरू से पोटाश बनाने के साथ मक्का का हाइब्रिड बीज भी पैक किया जा रहा था। कृषि विभाग दोषियों पर एफआईआर की तैयारी में जुटा है।

कृषि विभाग की टीम ने जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया के नेतृत्व में रुड़की रोड स्थित गोदाम पर छापा मारा, जहां टीम को दो सिलाई मशीन उर्वरक बैग सिलने, 9 रोल धागे, 27 बैग आईपीएल ब्रांड एमओपी 60 प्रतिशत के सिले हुए, 19 बैग दयाल ब्रांड जिंक 33 प्रतिशत (5 किग्रा पैकिंग), 29 बैग 40 किग्रा पैकिंग पाईनियर ब्रांड पी-1899 सीड (मक्का), 405 बैग दानेदार उर्वरक जैसे प्लेन बैग 50 किग्रा, 200 बैग प्लेन आईपीएल कम्पनी डीएपी ब्रांड के खाली, 28 बैग रामबाण ब्रांड एसएसपी जुबिलेन्ट कम्पनी के खाली, 100 बैग इफ्को कम्पनी डीएपी ब्रांड खाली, 34 बैग आइपीएल कम्पनी एमओपी ब्रांड के खाली, 37 बैग कच्चा माल जिंक पाऊडर जैसे सीमेंट बैग की पैकिंग, 2 बैग लाल रंग पैकिंग, 2 छाब्बे लोहे के, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 3 बेलचे, 3 फावड़े, एक झरना, दयाल पैकिंग का 50 किग्रा पैकिंग में 5 किग्रा पैकिंग के खाली बैग से भरा बंडल और 49 बड़े बैग खाली दयाल कम्पनी 50 किग्रा (मोनो जिंक) संदिग्ध उर्वरक व अन्य सामग्री पैकिंग आदि उपलब्ध मिली, जबकि वहां पर उपस्थित व्यक्ति के पास मौके पर कोई भी उर्वरक विनिर्माण व बिक्री की अनुमति नहीं मिली। कृषि विभाग की टीम ने संदिग्ध मिले उर्वरक के नमूने जिंक मोनो हाईड्रेड, दयाल कम्पनी अंकित बैग व एमओपी, आईपीएल कम्पनी अंकित बैग व एक नमूना मक्का (पी-1899) का पाईनियर ब्रांड अंकित पैकिंग से ग्रहित करते हुए प्रयोगशाला को भेजा गया, वहीं पैकिग व अन्य सामग्री को सील करते हुए अमित कुमार उर्फ अमित निवासी 421 ग्राम कूकड़ा के समक्ष गवाह सुपुर्दगी में मय चाबी सील कर दिया गया। उक्त प्रकरण में विभागीय अधिकारियों ने डीएम समेत अन्य अधिकारियों को जानकारी देते हुए कूकड़ा निवासी अमित कुमार उर्फ अमित एवं संलिप्त अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध आववश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत 3/7 के साथ धोखाधड़ी व कापी राईट एक्ट के अन्तर्गत सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।





## युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने की पुष्टि

**मुजफ्फरनगर, 22 जून (बु.)।** शनिवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चमन कालोनी में युवक की फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का समाचार सामने आया था। भोपा क्षेत्र के गांव ककराला निवासी सलमान के परिजन जब मौके पर पहुंचे तो उन्होंने उक्त मामले को आत्महत्या नहीं बल्कि पत्नी द्वारा हत्या करने का शक जाहिर किया था। परिजनों के शक के आधार पर पुलिस ने पत्नी शाहिन को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। रविवार को जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई तो परिजनों का शक सही निकलता दिखाई दिया, क्योंकि मृतक सलमान की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस प्रथम दृष्टया पत्नी को ही आरोपी मान रही है, मगर अभी यह खुलासा नहीं हो सका है कि पत्नी ने आखिर सलमान की हत्या क्यों की है। आपको बता दें कि ककराला से शहर आकर सलमान अपने बच्चों, पत्नी सहित किराये के मकान में रह रहा था और शनिवार को पत्नी ने ही इस बात की जानकारी पुलिस को दी कि सलमान ने आत्महत्या कर ली है। मगर अब उक्त मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस महिला के मोबाइल का सीडीआर निकलवा चुकी है, जिसकी जांच के बाद यह साफ हो सकेगा कि कहीं सलमान की हत्या में पत्नी के साथ कुछ और लोग तो शामिल नहीं थे।

### शेष खबर : कूड़े के ढेर पर मिला

डॉ. नदीम ने बताया कि शिशु के शरीर पर खरोंच के निशान थे। इसलिए उपचार के लिए नवजात शिशु को जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रथम दृष्टया देखने से पता लग रहा था कि नवजात शिशु नौ माह के बाद ही पैदा हुआ है। देखने से लग रहा है था कि वह रविवार की सुबह ही पैदा हुआ होगा। प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। नवजात शिशु के मिलने की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। किसी ने नवजात शिशु मिलने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची गई। पुलिस ने बैग और शराब के खाली पव्वे तथा चप्पलों को जांच के लिए कब्जे में ले लिया। नवजात शिशु का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिला अस्पताल में नवजात शिशु स्वस्थ है। कस्बे के लोगों में नवजात शिशु को गोद लेने के लिए अस्पताल में भीड़ लग गई। चिकित्सकों ने नवजात शिशु को किसी को गोद नहीं दिया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि बैग में बंद नवजात शिशु मिला है, उसी के साथ बैग में शराब का खाली पव्वा और लेडीज चप्पल भी मिली है। कस्बे व आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरो की जांच की जा रही है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## दबंगों ने ग्रामीण के सिर में लोहे की हत्थी मारी

**बुढ़ाना, 22 जून (बु.)।** दबंगों ने एक घर में घुसकर एक युवक के सिर में लोहे की हत्थी मारकर उसको मरणासन्न कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार महिपाल पुत्र भगवान सिंह ग्राम राजपुर छाजपुर ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि बीती 21 जून की देर रात गांव का ध्रुव और गौरव पुत्रगण शीषपाल, नितिन पुत्र कैलाश व मोनू ने एकराय होकर शराब पीकर घर पर आकर ट्रैक्टर की लोहे की हत्थी, चाकू, लाठी व डन्डों से हमला कर दिया, जिसमें उसके पुत्र अशोक के सिर में लोहे की हत्थी मारी तथा उस पर धारदार हथियार से हमला किया, जिसमें उसका पुत्र अशोक गम्भीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। हमारे शोर मचाने पर सभी आरोपी धमकी देकर गये कि आज तो बच गया आइन्दा नहीं बचेगा। वह हमसे रंजिश रखते हैं। मैने अपने पुत्र को रात मे ही सीएचसी में भर्ती कराया। उन्होंने मेरे पुत्र की गम्भीर हालत को देखते हुए तो उसे मुजफ्फरनगर के लिए रैफर कर दिया, जिसका खून नहीं थम रहा है। मेरे पुत्र की पसली में भी काफी चोटें हैं। मेरा पुत्र मरने की हालत में है। मेरे पुत्र की किसी भी समय मृत्यु हो सकती है। मेरा पुत्र काफी सीरियस है। मेरे पुत्र के सिर में दो जगह लोहे की हत्थी मारी है। दो जगह से सिर की हड्डी टूट गयी है। आरोपी दबंग व झगड़ालू किस्म के लोग हैं। वे इससे पहले भी कई बार गांव में इस तरह की कई घटना कर चुके हैं। पीड़ित ने पुलिस से दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## अस्पताल में गिड़गिड़ता रहा बेबस बाप: इलाज के लिए नहीं दे सका 20 हजार, पांच साल की मासूम ने बाहों में तोड़ा दम

**हापुड, 22 जून (एजेंसी)।** मेहनत मजदूरी करने वाले एक परिवार की आर्थिक तंगी और अस्पताल की संवेदनहीनता उसकी मासूम बच्ची की मौत का कारण बन गई। अस्पताल ने बच्ची के इलाज के लिए 20 हजार रुपये की मांग की। बेबस पिता रुपयों के इंतजाम करने की बात कहते हुए गिड़गिड़ता रहा, लेकिन अस्पताल वालों ने एक न सुनी, जिसके कारण उसकी पांच वर्षीय बच्ची ने पिता की बाहों में ही दम तोड़ दिया। सुबह खबर फैली तो अस्पताल फजीहत से बचने के लिए बयान देने से भी बचता रहा। मामला यूपी के हापुड़ स्थित पिलखुवा कोतवाली थाना क्षेत्र हाईवे स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज से जुड़ा है। मूलरूप से बिहार के जनपद फतेहपुर के जगतपुर कठियार निवासी अनवर पिछले सात माह से सरस्वती मेडिकल कालेज में ही राज मिस्त्री का कार्य करते हैं और उनकी पत्नी बेलदारी कर अस्थाई आवासों में रहते हैं। उनके तीन बच्चे भी उन्हीं के साथ रहते हैं। अनवर ने बताया कि शुक्रवार की रात उनकी पांच वर्षीय पुत्री अमरीन की अचानक तबीयत बिगड़ गई। लगातार उल्टी होने पर अवनर और उसकी पत्नी मौसमी बच्ची को लेकर सरस्वती मेडिकल पहुंचे। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने अस्पताल के स्टाफ से बच्ची का इलाज कराने की गुहार लगाई, लेकिन कर्मचारियों ने इलाज के लिए 20 हजार रुपये जमा कराने की बात कही। मजदूर दंपती रुपये का इंतजाम नहीं कर पाए, जिसके बाद संवेदनहीन स्टाफ ने बच्ची को सरकारी अस्पताल में भेजने की नसीहत दे डाली। इस दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर इलाज की गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इलाज के अभाव में बच्ची तड़पती रही और कुछ ही देर में दम तोड़ दिया। मासूम की मौत के बाद मजदूर परिवार बेसुध हो गया। सुबह जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित से पूछताछ कर वापस लौट आई। उधर, अस्पताल प्रबंधन इस संबंध में बयान देने से भी बचता रहा। अस्पताल प्रबंधन किसी जिम्मेदार अधिकारी न होने की बात कहते हुए मामले में सोमवार को लिखित स्पष्टीकरण देने की बात कह रहा है। बच्ची की मौत होने से व्यथित परिवार सुबह 10 बजे के आस-पास शव को लेकर बिहार लौट गया।

## सीमेंट से भरे ट्राला में पीछे से घुसी कार, चार की मौत, एक गंभीर

**देहरादून, 22, जून (वार्ता )** उत्तराखंड में उत्तर प्रदेश सीमा पर रविवार सुबह सीमेंट से भरे एक ट्राला में पीछे से एक कार भिड़ने से उसमें सवार चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य का गंभीर घायल अवस्था में उपचार किया जा रहा है। सभी मृतक हरियाणा के निवासी हैं। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि आज प्रातः लगभग 03:10 बजे एक कार सहारनपुर की ओर से देहरादून आ रही थी, अपने आगे चल रहे सीमेंट से भरा एक ट्राला वाहन में आशारोड़ी के पास पीछे से घुस गयी। उन्होंने बताया कि हादसे में कार सवार सभी पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा 108 के माध्यम से उपचार के लिए कोरोनेशन और दून अस्पताल भिजवाया गया। श्री सिंह ने बताया कि चिकित्सालय में डॉक्टरों द्वारा उनमें से 04 व्यक्तियों अंकुश , पारस , दोनो निवासी जिला सोनीपत, अंकित निवासी जिला जींद और नवीन तहसील रोहतक, हरियाणा को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इनका एक अन्य साथी विनय का दून अस्पताल में उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृतक तथा घायल के परिजनों को सूचित कर दिया है, जिनके आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वाहन ट्राला को कब्जे में लेकर उसके चालक आफताब , निवासी शेखपुरा कदीम, थाना देहात, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## बाइक सवार 2 युवक बकरा चोरी कर हुए फरार

**बुढ़ाना, 22 जून (बु.)।** काले रंग की एक मोटर साइकिल पर सवार दो अज्ञात चोर एक बकरे को चोरी करके फरार हो गये। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। जिसमें दोनों चोर बकरे को गोदी में बैठाकर ले जा रहे हैं और दोनों चोरों के चेहरे और मोटर साइकिल का नंबर भी साफ नजर आ रहा है, लेकिन पुलिस कोई भी कार्यवाही नहीं कर रही है। पीड़ित ने एसएसपी से चोरी हुए बकरे के सकुशल बरामदगी और दोनों चोरों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार मौहम्मद चांद पुत्र इकबाल निवासी ग्राम लोई ने फुगाना पुलिस को बीते शनिवार के दिन एक तहरीर देते हुए बताया था कि दोपहर लगभग ढाई बजे 2 अज्ञात व्यक्ति जो काले रंग की एक मोटर साइकिल पर सवार थे। वे बकरा चुराकर ले गये। वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में वे दोनों चोर अपनी मोटर साइकिल सहित कैद हो गये, जिसमें दोनों चोरों का चेहरा और बाइक का नंबर भी साफ नजर आ रहा है। पीड़ित चांद ने रविवार को मीडिया को बताया कि बकरा चोरी होने की घटना को 24 घंटे से भी अधिक का समय बीत गया, लेकिन पुलिस ने न तो उससे संपर्क किया और ना ही बकरे को तलाश किया। पीड़ित ने एसएसपी से अपने बकरे की सकुशल बरामदगी करने और दोनों चोरों को बाइक सहित पकड़ने की गुहार लगाई है।

**सीसीटीवी कैमरे में दिख रहे साफ, पुलिस सुस्त**



### प्रधानमंत्री मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद से बातचीत की

**नयी दिल्ली, 22 जून (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान इज़रायल संघर्ष में अमेरिका के हमले के बाद रविवार की दोपहर ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से टेलीफोन पर बात की और संघर्ष के बढ़ने पर चिंता जताने के साथ ही सभी पक्षों से संवाद एवं कूटनीति से समाधान खोजे जाने पर बल दिया । श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा, ''ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से बात की। हमने वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। हाल की वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता को शीघ्र बहाल करने के लिए तत्काल तनाव कम करने, संवाद एवं कूटनीति के हमारे आह्वान को दोहराया।''

## अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर हमला किया : ट्रम्प

**वाशिगटन, 22 जून (वार्ता)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु स्थलों पर हमले पूरे कर लिए हैं। जिनमें ''फोर्डो, नतांज और एस्फाहान'' शामिल हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, ''सभी विमान अब ईरान के हवाई क्षेत्र से बाहर हैं। प्रमुख स्थल फोर्डो पर बमों का पूरा पेलोड गिराया गया।'' हमलों के बाद ट्रुथ सोशल पर श्री ट्रम्प ने लिखा, ''तेहरान को इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सहमत होना चाहिए।'' ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने देश की परमाणु सुविधाओं पर हमलों को स्वीकार किया।

सीएनएन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक ईरान के सरकारी टेलीविजन टिप्पणीकार ने कहा कि ''आपने इसे शुरू किया और हम इसे समाप्त करेंगे।'' इस बीच टेलीविजन पर संबोधन में राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा, ''हमले एक शानदार सैन्य सफलता थी। ईरान की प्रमुख परमाणु संवर्धन सुविधाएं पूरी तरह से नष्ट कर दी गई हैं। मध्य पूर्व के धमकाने वाले ईरान को अब शांति स्थापित करनी चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो भविष्य में हमले कहीं अधिक बड़े और बहुत आसान होंगे।'' सीएनएन ने कहा कि श्री ट्रंप ईरान पर अतिरिक्त अमेरिकी हमलों की योजना नहीं बना रहे हैं और ''तेहरान को बातचीत के लिए वापस लाना चाहते हैं।'' सीबीएस न्यूज ने कहा कि अमेरिका ने शनिवार को कूटनीतिक रूप से ईरान से संपर्क किया और कहा कि हमले सभी अमेरिकी योजनाएं हैं और शासन परिवर्तन के प्रयास योजनाबद्ध नहीं हैं। स्थानीय मीडिया ने कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने के इजरायल के प्रयास के समर्थन में सीधे हस्तक्षेप करने का श्री ट्रंप का फैसला मध्य पूर्व में ऐतिहासिक वृद्धि को दर्शाता है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हस्तक्षेप से तेहरान द्वारा पूरे क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों और सैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जा सकती है। इजरायल द्वारा 13 जून को ईरान पर हमले शुरू करने के नौवें दिन ईरान पर अमेरिकी हवाई हमले हुए। श्री ट्रंप ने गुरुवार को घोषणा की कि वह ईरान को बातचीत का अंतिम मौका देने के लिए ''अगले दो सप्ताह में'' निर्णय लेंगे।

